# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




मां दंतेश्वरी मंदिर, दंतेवाड़ा

राम मंदिर, अयोध्या



मां वैष्णोदेवी



मां महामाया मंदिर, रायपुर

## नए साल का नया अंदाज, मंदिर और पार्क में उमड़ी भीड़

**रायपुर/बिलासपुर/दंतेवाड़ा/डोंगरगढ़।** नए साल 2025 के पहले दिन को लोगों ने कुछ अलग अंदाज में सेलिब्रेट किया। रायपुर के महामाया मंदिर, रतनपुर महामाया मंदिर, बस्तर के दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी, डोगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने लोगों की कतार लगी रही। इसके अलावा प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्र, पार्क में लोगों ने वक्त बिताया। वहीं, देश के प्रमुख मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।



पुरखौती मुक्तांगन, रायपुर



मां बम्लेश्वरी, डोंगरगढ़

# बीएड शिक्षकों को बर्खास्त करने आदेश जारी, दावा-आपत्ति के लिए मिलेंगे 7 दिन

अपनी नौकरी बचाने के लिए संघर्ष कर रहे बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों पर अंततः बर्खास्तगी की गाज गिर ही गई। नववर्ष की पूर्व संध्या पर मंगलवार देर रात लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा बस्तर एवं सरगुजा संभाग के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को खत लिखा गया। इसमें कहा गया है कि कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों को हटाए जाने का नोटिस जारी करें। हटाए गए सहायक शिक्षकों के स्थान पर डीएलएड डिग्रीधारियों को व्यापम द्वारा जारी मेरिट लिस्ट के अनुसार आरक्षण नियमों और रोस्टर का पालन करते हुए पदस्थापना करे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चूंकि इनकी नियुक्ति जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा होती है, अतः जिन जिलों में ये सहायक शिक्षक पदस्थ हैं, उन्हें खत लिखा गया है। जिन 2 हजार 900 बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों को हटाए जाने की तैयारी चल रही है, वे बस्तर और सरगुजा संभाग के ही हैं। इस आदेश से स्पष्ट हो गया है कि बीएड शिक्षकों की सेवाएं कुछ दिनों के अंतराल में समाप्त कर दी जाएंगी। उनकी सेवा समाप्ति के पूर्व उन्हें किसी अन्य विभाग में समायोजित किए जाने की कार्रवाई पूर्ण ▶▶|शेष पेज 4 पर

### डीपीआई ने कहा- बीएड शिक्षकों को जारी करें सेवा समाप्ति का आदेश



**भाजपा कार्यालय के बाहर रोते-बिलखते प्रदर्शन**

*टर्मिनेशन की कार्रवाई से नाराज बीएड सहायक शिक्षकों ने प्रदेश भाजपा कार्यालय के बाहर रोते-बिलखते प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यालय में घुस रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बाहर किया।*

### शून्य वेतन पर कार्य करने प्रस्ताव

इधर, बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों का आंदोलन उग्र रूप लेता जा रहा है। स्कूल शिक्षा सचिव से हुई मौखिक बातचीत में आंदोलनकारी शिक्षकों ने लिखित आश्वासन और कमेटी में उन्हें शामिल करने की मांग की है। सहायक शिक्षकों ने शून्य वेतनमान में काम करने का प्रस्ताव रखा है ताकि जब उन्हें किसी अन्य पद में समायोजित किया जाए तो उनके पिछले डेढ़ वर्ष के सेवाकाल ▶▶|शेष पेज 4 पर

### इधर, शासन ने कहा- उच्च स्तरीय प्रशासनिक समिति का गठन

पूरे मामले में शासन ने स्पष्ट किया है कि बीएड शिक्षकों को हटाए जाने के उच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की गई थी, जिसे अस्वीकार कर दिया गया। पुनर्विचार याचिका लंबित है। न्यायालयीन आदेश के बाद बीएड अर्हता के आधार पर चयनित सहायक शिक्षकों की नियुक्ति आदेश निरस्त होने के ▶▶|शेष पेज 4 पर

बंसल रायपुर और दुर्ग, दयानंद बिलासपुर संभाग

# सीएम सचिवालय में सुबोध होंगे निगहबान बंसल को अहमियत, दयानंद का भी कद बरकरार



सुबोध सिंह | मुकेश बंसल | पी. दयानंद | बसवराजू | राहुल भगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से छत्तीसगढ़ लौटे सुबोध सिंह ने मुख्यमंत्री सचिवालय में कामकाज का बंटवारा कर दिया। मुख्यमंत्री सचिवालय में एक प्रमुख सचिव और चार सचिवों की नियुक्ति की गई है। प्रमुख सचिव सुबोध सिंह ने कुछ विभाग अपने पास रखे हैं। वहीं पांचों संभाग के लिए प्रभारियों की नियुक्त की गई है। मुकेश बंसल को रायपुर के साथ दुर्ग संभाग, पी. दयानन्द को बिलासपुर संभाग, बसवराजू को सरगुजा और राहुल भगत को बस्तर की कमान सौंपी गई है।

■ बसवराजू सरगुजा और भगत को बस्तर संभाग की जिम्मेदारी

सचिवों के पास जो विभाग हैं, उनकी जिम्मेदारी वहां पदस्थ दूसरे सचिवों को दी गई है। ऐसा इसलिए किया गया है कि संबंधित मामलों में ओपिनियन मिल सके। सिस्टम में कसावट लाने के लिए यह प्रक्रिया अपनाई गई है। प्रमुख सचिव सुबोध सिंह के पास परिवहन, माइनिंग, ऊर्जा, वित्त, जीएडी, सुशासन सहित अन्य विभागों का ▶▶|शेष पेज 4 पर

### प्रत्येक विभाग के लिए होंगे नोडल अधिकारी

जारी आदेश में मुख्यमंत्री सचिवालय के साथ सभी विभागों के समन्वय के लिए कार्य विभाजन किया गया है। प्रत्येक विभाग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। संबंधित विभागों के मामलों पर मुख्यमंत्री सचिवालय में उक्त अधिकारी लिंक आफिसर के रूप में काम करेंगे। वहीं चारों ▶▶|शेष पेज 4 पर

# नए साल का जश्न मनाकर लौट रहे तीन दोस्तों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

चार दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर नए साल का जश्न मनाने तपकरा की ओर गए थे। वापसी में कुनकुरी लवाकेरा स्टेट वे पर समडगा गांव के पास रस्ते में खराब खड़े ट्रक से टकरा गए। टक्कर इतनी



जबरदस्त थी कि चार दोस्तों में से तीन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल एक युवक को इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। हादसे में मरने वालों की पहचान एलेन्स तिर्की (18) निवासी खरीबहार, दीपसन टोप्पो (18) निवासी बांसाझाल, रोहित चौहान (17) के रूप में हुई है।

### घायल का आईसीयू में चल रहा इलाज

तपकरा थाना प्रभारी ठाकुर खोमराज सिंह ने बताया कि हादसा करीब साढ़े 11 बजे के आसपास की है। हादसे में 3 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।






### दो हजार के 6,691 करोड़ के नोट लोगों के पास

**मुंबई।** आरबीआई ने कहा कि 2,000 रुपये के 98.12 प्रतिशत नोट अबतक बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं। 6,691 करोड़ रुपए मूल्य के ऐसे नोट अब भी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपए मूल्य के बैंक नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। चलन में मौजूद 2,000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 31 दिसंबर, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर 6,691 करोड़ रुपए रह गया।

### कार्टूनिस्ट हरीश चंद्र 'काक' का निधन

**गाजियाबाद।** देश के जाने माने कार्टूनिस्ट हरीश चंद्र शुक्ला उर्फ 'काक' का निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। हरीश चंद्र शुक्ला का हिंडन शमशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया जहां परिजनों और मित्रों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका निधन हृदयाघात से हुआ। उनके परिवार में उनकी पत्नी और चार बेटे हैं। उनके बड़े पुत्र शुभव शुक्ला पीटीआई में सहायक फोटो संपादक के पद पर कार्यरत हैं।

### जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान कल से

**नई दिल्ली।** कांग्रेस आगामी तीन जनवरी को सभी ब्लॉक, जिलों और राज्यों के स्तर पर अपना पूर्वनिर्धारित 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' अभियान शुरू करेगी। इस अभियान का समापन 26 जनवरी को बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू, मप्र में एक जनसभा के साथ होगा। पहले यह अभियान 27 दिसंबर को शुरू किया जाना था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण बदला गया।




# दुनिया में 2025 का ग्रैंड वेलकम

*अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर और कनाडा के नियाग्रा वॉटरफॉल पर जोरदार आतिशबाजी के साथ लाइटिंग शो भी हुए। यहां म्यूजिक कॉन्सर्ट भी किए गए। नए साल के आगमन पर टाइम्स स्क्वायर में लोगों ने एक दूसरे को हग और किस करते हुए बधाई दी। ब्राजील के कोपाकबाना बीच पर करीब 20 लाख लोग नए साल के जश्न में शामिल हुए। वहीं यूरोपीय देशों में भी जमकर नया साल मनाया गया। ब्रिटेन में भारी बारिश के बीच लोग छाता लेकर जश्न मनाने पहुंचे। दूसरी तरफ जंग में उलझे रूस और यूक्रेन में भी नए साल का स्वागत किया गया।*

## न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर सहित पेरिस लंदन पर जश्न

## ब्राजील के कोपाकबाना बीच पर जुटे 20 लाख लोग


इंग्लैंड


अमेरिका


यूएई


ब्राजील


यूक्रेन


रुस


फ्रांस

## स्विटजरलैंड में बुर्का पहनने पर लगा बैन!

**बर्न।** स्विट्जरलैंड में आज यानी 1 जनवरी 2025 से सार्वजनिक स्थानों पर महिलाएं हिजाब, बुर्का या किसी अन्य तरीके से अपना चेहरा पूरी तरह से नहीं ढक सकेंगी। नए कानून के तहत अगर इस नियम का उल्लंघन किया गया, तो महिला को 1144 डॉलर यानी लगभग 98,000 रुपये का जुर्माना लग सकता है। यह कानून 1 जनवरी 2025 से लागू हो गया है। यह कानून 2021 में हुए एक जनमत संग्रह के परिणामस्वरूप लागू किया गया था, जिसमें 51.21% स्विस नागरिकों ने बुर्के पर प्रतिबंध लगाने के पक्ष में मतदान किया था। इसके बाद, सरकार ने इस कानून को पारित किया, जो आज से प्रभावी हो गया है। इस कानून के लागू होने के बाद सार्वजनिक स्थानों जैसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट, रेस्टोरेंट्स, दुकानों, और पब्लिक ऑफिस में महिलाएं अपना चेहरा पूरी तरह से नहीं ढक सकेंगी।

**दूसरे यूरोपीय देशों में भी लागू हो चुका है यह कानून :** स्विट्जरलैंड से पहले बेल्जियम, फ्रांस, डेनमार्क, ऑस्ट्रिया, नीदरलैंड और बुल्गारिया जैसे यूरोपीय देशों में भी सार्वजनिक स्थानों पर चेहरा ढकने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह कदम उन देशों के सुरक्षा और संस्कृति से जुड़े विवादों के बीच उठाया गया है। स्विट्जरलैंड में इसे लेकर गहरी बहस जारी रही और मुस्लिम संगठनों ने इसका विरोध किया है।

### सरकार ने शुरू की प्रक्रिया

# मनमोहन के स्मारक को लेकर प्रक्रिया शुरू, परिवार को दिए गए विकल्प

**एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली**

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर केंद्र सरकार ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकार स्मारक निर्माण के लिए भूमि केवल एक ट्रस्ट को दे सकती है। इस मामले में अभी तक ट्रस्ट का गठन नहीं हुआ है। अटल बिहारी वाजपेयी के स्मारक को लेकर भी जमीन अटल समिति न्यास (ट्रस्ट) को आवंटित की गई थी। यह ट्रस्ट उनके निधन के एक महीने से ज्यादा समय बाद रजिस्टर हुआ था। अब मनमोहन सिंह के मेमोरियल को लेकर भी सरकार यही नीति अपना रही है। इस बीच सरकार ने स्मारक बनाने को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार को कुछ विकल्प दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर राजघाट, राष्ट्रीय स्मृति स्थल या फिर किसान घाट के पास डेढ़ एकड़ जमीन दी जा सकती है। फिलहाल अधिकारियों ने राजघाट समेत आस-पास की जगहों का दौरा किया है। राजघाट क्षेत्र में उपलब्ध जमीन का प्रारंभिक आकलन किया जा रहा है। वहीं सूत्रों का दावा है कि जमीन आवंटन में कुछ और दिन लगेंगे क्योंकि अभी तक मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर ट्रस्ट का गठन नहीं हुआ है। ट्रस्ट को जमीन के लिए आवेदन करना होगा। सरकार फिलहाल मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर उपयुक्त जमीन ढूंढ रही है।



**खास बातें**

- अधिकारियों ने राजघाट समेत आस-पास की जगहों का किया दौरा
- अभी तक स्मारक को लेकर नहीं हुआ है ट्रस्ट का गठन

### कांग्रेस ने लगाया था आरोप

डॉ मनमोहन सिंह के निधन के बाद कांग्रेस पार्टी ने सरकार को स्मारक को लेकर चिट्ठी लिखी थी। पार्टी के नेताओं ने सरकार पर कुछ आरोप लगाए थे। कांग्रेस की मांग थी कि मनमोहन सिंह का अंतिम सरकार और स्मारक एक ही जगह पर हो। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया था, 'देश की जनता यह नहीं समझ पा रही है कि सरकार को उनके अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए एक जगह क्यों नहीं मिल पा रही है?'

### स्मारक को लेकर कांग्रेस के पास नहीं कोई अपडेट

उधर, कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि उनके पास स्मारक के बारे में कोई नया अपडेट नहीं है। वर्तमान में, राजघाट परिसर और उसके आसपास 19 स्मारक हैं। इनमें पूर्व राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उप-प्रधानमंत्री के स्मारक शामिल हैं। इनके अलावा संजय गांधी और ललिता शास्त्री (पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पत्नी) के भी स्मारक हैं।

# 'ऐसे' मुसलमानों को छोड़ना मत योगीजी हत्याकांड के जिम्मेदार बस्ती वाले हैं'

### लखनऊ में 4 बहनों और मां को मारने वाले आरोपी का आया वीडियो

**एजेंसी ▶▶। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के एक होटल में अपने परिवार के 5 सदस्यों की हत्या करने वाले आरोपी मोहम्मद अरशद का वीडियो सामने आया है। इस हत्याकांड को अंजाम देने के पीछे आरोपी ने अपने बस्तीवालों को जिम्मेदार ठहराया है। आगरा के रहने वाले अरशद ने वीडियो में अपने कई बस्तीवालों का नाम भी लिया है। दरअसल, वीडियो में आरोपी मोहम्मद अरशद कहता नजर आया-

'आज बस्ती वालों की वजह और उनसे थक-हारकर मजबूरी में मैंने यह कदम उठाया है। आज मैंने अपने हाथ से अपनी बहनों को और अपने आप को मारा है। जब पुलिस को यह वीडियो मिले, तो एक बार जानिए इस सब चीज़ों के ज़िम्मेदार बस्ती वाले हैं। उन्होंने हमारे घर छीनने के चक्कर में न जाने कितने जुल्म हम लोगों पर करे। हमने आवाज़ उठाई। लेकिन हमारी किसी ने न सुनी आज तक, इसलिए मजबूरन आज हमें दस पंद्रह दिन हो गए, फुटपाथ पर सो रहे हैं। ठंड में भटक रहे हैं। हमारा घर उन्होंने छीन लिया है।



**खास बातें**

- अरशद का परिवार बनना चाहता हिंदू, मकान राममंदिर ट्रस्ट को देने का था इरादा

### 'राम मंदिर' के नाम करना चाहता मकान

अरशद ने आगे कहा, मकान के पेपर्स हमारे पास हैं और जो हम राम मंदिर के नाम करना चाहते थे। अपना धर्म परिवर्तन करना चाहते थे, इसलिए हमने सारे पेपर्स अपने पास रखे हैं। पुलिस को यह वीडियो मिले तो लखनऊ पुलिस से और योगीजी (मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ) से यह गुज़ारिश है कि इन जैसे मुसलमानों को छोड़ना मत। आप जो कर रहे हो, बहुत बढ़िया कर रहे हो। ये मुसलमान हर जगह ज़मीनों पर कब्ज़ा करते हैं और और लोगों पर जुल्म करते हैं। न जाने कैसे-कैसे के काम-धंधे करते हैं। नकली नोटों के धंधे करते हैं। ये लोग बहुत बड़ा भूमि माफिया गैंग चलाते हैं। इसमें लड़कियों को बेचते हैं। इन लोगों का यही प्लान था कि हमको (पिता और अरशद) किसी झूठे इल्जाम में जेल पहुंचाकर हमारी बहनों को हैदराबाद में बिकवाना. एक शख्स हमारे घर के सामने रहता है, उसके हाथों हमारी बहनों को बिकवाना चाहते थे।

## जिम्बाब्वे ने खत्म की फांसी

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे ने मंगलवार को आधिकारिक तौर पर मौत की सजा को खत्म कर दिया। राष्ट्रपति एमर्सन मनांगाग्वा ने एक ऐसे कानून पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत मौत की सजा पाने वाले लगभग 60 कैदियों की सजा को जेल में बदल दिया जाएगा। 2005 से दक्षिणी अफ्रीकी देश में फांसी पर रोक लगी हुई है, अदालतों ने हत्या, देशद्रोह और आतंकवाद सहित अपराधों के लिए मौत की सजा देना जारी रखा है। सरकारी राजपत्र में प्रकाशित मृत्युदंड उन्मूलन अधिनियम में कहा गया है कि अदालतें अब किसी भी अपराध के लिए मृत्युदंड की सजा नहीं दे सकती हैं।


HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान


## यूक्रेन ने दिया झटका यूरोप के कई देशों में रूसी गैस की सप्लाई बाधित

### रूस के 50 वर्षों का वर्चस्व किया खत्म; सालाना 5 अरब डॉलर का लगेगा चूना

- गैस पाइपलाइनों के ट्रांजिट समझौते को आगे बढ़ाने से किया इंकार

**एजेंसी ▶▶। कीव**

नए साल 2025 के पहले दिन यूक्रेन ने रूस को करारा झटका देते हुए उसके 50 से ज्यादा वर्षों में स्थापित ऊर्जा साम्राज्य को ध्वस्त कर दिया है। पिछले करीब तीन साल से रूस से युद्ध लड़ रहे यूक्रेन ने सोवियत युग की गैस पाइपलाइनों के ट्रांजिट समझौते को आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया है। इसकी वजह से यूरोप के कई देशों में रूसी गैस की सप्लाई बाधित हो गई है। इसका साथ ही यूरोपीय बाजार पर रूसी गैस का वर्चस्व और साम्राज्य खत्म हो गया है। यूक्रेन के इस कदम से जहां उसे 800 मिलियन डॉलर का नुकासन हुआ है, वहीं रूस को सालाना 5 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद पिछले करीब तीन साल से इस पाइपलाइन के जरिए यूरोप को रूसी गैस की सप्लाई जारी थी। रूसी गैस कंपनी गैजप्रोम ने कहा है कि यूक्रेन द्वारा गैस ट्रांजिट से जुड़े समझौते को आगे बढ़ाने से इनकार करने के बाद उसकी गैस सप्लाई पहली जनवरी की सुबह 5 बजे से बाधित हो चुकी है।



### यूरोपीय देशों ने कर ली थी वैकल्पिक व्यवस्था

हालांकि, इस बाधा से यूरोप के अन्य देशों को कोई खास परेशानी नहीं हुई क्योंकि अधिकांश यूरोपीय देशों ने पहले ही वैकल्पिक व्यवस्था कर ली थी। स्लोवाकिया, आस्ट्रिया और हंगरी जैसे देशों को तुर्कस्ट्रीम पाइुलाइन के जरिए गैस मिलती रहेगी जो काला सागर के नीचे से गुजरती है। यूरोपीय आयोग ने कहा है कि उसके सदस्य देशों ने पहले ही इसकी तैयारी कर ली थी। बता दें कि इससे पहले 2022 में जंग छिड़ने से पहले रूस और यूक्रेन ने ट्रांजिट एग्रीमेंट पर तीन साल के लिए दस्तखत किए थे। युद्ध छिड़ने के बाद रूस ने गैस की कीमतें भी बढ़ा दी थीं, जिससे यूरोपीय देशों को आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ा था। बाद में यूरापीय संघ ने रूसा गैस के विकल्प की तलाश कर ली थी।


हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

रायपुर
गुरुवार 2 जनवरी 2025
पौष शुक्ल पक्ष तृतीया
वर्ष: 23, अंक: 167
पृष्ठ: 10+4+4 = 18 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 28.0
न्यून. 14.1

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

नए साल में राहत

# कमर्शियल सिलेंडर 14.5 रुपए सस्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

होटलों तथा रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी (रसोई गैस) की कीमत 14.5 रुपए प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर कम की गई है। विमान ईंधन की कीमत में बुधवार को 1.5 प्रतिशत की कटौती की गई। बेंचमार्क अंतरराष्ट्रीय कीमतों के अनुरूप कीमतों में मासिक संशोधन किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में विमानन टरबाइन ईंधन यानी विमान ईंधन की कीमत 1,401.37 रुपए प्रति किलोलीटर या 1.52 प्रतिशत घटकर 90,455.47 रुपए प्रति किलोलीटर हो गई है।

### पांच महीने बाद पहली कटौती

वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में लगातार पांच महीने की बढ़ोतरी के बाद कीमतों में यह पहली कटौती है। एक दिसंबर 2024 को अंतिम संशोधन में 19 किलोग्राम सिलेंडर की कीमतों में 16.5 रुपए का इजाफा किया गया था। की कीमत मुंबई में 1,756 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर होगी।

# दस निगमों के मेयर का कार्यकाल हो रहा खत्म, आज नांदगांव का चार्ज लेंगे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के 10 नगर निगमों में पांच साल से मेयर के रूप में कार्य कर रहे चुने हुए महापौर के कार्यकाल की अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है। गुरुवार से अगले नौ दिनों तक 10 नगर निगमों के मेयर का कार्यकाल खत्म होना शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही उनके स्थान पर सरकारी अधिकारी प्रशासक के रूप में निगम का कामकाज संभालेंगे। राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। सभी मेयरों के स्थान पर संबंधित जिले के कलेक्टर प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं।

### गुरुवार से खत्म होगा मेयरों का कार्यकाल

जिन निगमों में मेयरों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनमें पहला नंबर राजनांदगांव निगम के मेयर का है। 3 जनवरी को मेयर का कार्यकाल खत्म होने के बाद वहां कलेक्टर प्रशासक होंगे। इसके बाद 4 जनवरी को बिलासपुर निगम और जगदलपुर निगम,रायपुर, धमतरी, दुर्ग, रायगढ़, चिरमिरी मेयर की जगह 6 जनवरी को प्रशासक बैठेंगे। 8 जनवरी को अंबिकापुर, और 10 जनवरी को कोरबा निगम का कामकाज कोरबा के कलेक्टर संभालेंगे।

## रायपुर, धमतरी, दुर्ग, रायगढ़ और चिरमिरी में 6 से प्रशासक



■ सभी निगमों में जिलों के कलेक्टर को मिला जिम्मा

### निकाय चुनाव की उल्टी गिनती शुरू

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस सिलसिले में सबसे पहले नगरीय निकायों में वार्डों के आरक्षण का काम पूरा कर लिया गया है। इसी क्रम में अब अगली बारी है मेयरों के आरक्षण की है। राज्य के जिन 10 निगमों में नया चुनाव होना है वहां 7 जनवरी को मेयर पद के लिए आरक्षण किया जाएगा। खास बात ये है कि इस बार मेयर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा। पिछला मेयर चुनाव कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अप्रत्यक्ष प्रणाली से किया गया था। यही नहीं बरसों बाद छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनाव बैलेट (मतपत्र) के माध्यम से होंगे। इससे ▶▶| शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### दिलजीत दोसांझ ने पीएम मोदी से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** मशहूर गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एक साधारण परिवार से शुरुआत कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम कमाने के लिए दोसांझ की सराहना की।

### एयर इंडिया ने चुनिंदा विमानों में वाई-फाई

**मुंबई।** एयर इंडिया ने बुधवार को एयरबस ए350 और बोइंग 787-9 विमानों के बेड़ों के साथ चुनिंदा



एयरबस ए321 नियो विमानों में भी घरेलू और अंतराष्ट्रीय उड़ानों के दौरान वाई-फाई इंटरनेट सेवाएं देनी शुरू कर दीं। अब वह भारत के भीतर उड़ानों में वाई-फाई कनेक्टिविटी की पेशकश करने वाली पहली एयरलाइन बन गई है।

### केंद्र ने जेल नियमावली में किया संशोधन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जेलों में कैदियों के साथ उनकी जाति के आधार पर भेदभाव और




वर्गीकरण की जांच करने के लिए जेल नियमावली में संशोधन किया है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र भेजा है।

### कार खड़े ट्रक से टकराई, चार की मौत

**जालना।** जालना जिले में कार के खड़े ट्रक से टकरा जाने से एक ही



परिवार के तीन सदस्यों समेत चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। सोलापुर-धुले रोड पर दोपहर करीब एक बजे हुई दुर्घटना में कार सवार दो लोग घायल हो गए। पीड़ित अक्कलकोट की यात्रा के बाद छत्रपति संभाजीनगर लौट रहे थे।

### 1901 के बाद से 2024 सबसे गर्म साल

**नई दिल्ली।** वर्ष 2024 भारत में 1901 के बाद से सबसे गर्म वर्ष रहा। इसमें औसत न्यूनतम तापमान दीर्घावधि औसत से 0.90 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। 2024 में पूरे भारत में वार्षिक औसत भूमि सतही वायु तापमान दीर्घकालिक औसत (1991-2020 अवधि) से 0.65 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

### नौसेना में 15 को शामिल होगा दो युद्धपोत, पनडुब्बी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना में 15 जनवरी को स्वदेश निर्मित दो



युद्धपोतों और एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को शामिल किया जाएगा। इससे बल की समग्र प्रतिरोधक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

## नए साल का जश्न मना रहे लोगों पर ट्रक चढ़ाकर की अंधाधुंध फायरिंग, 30 घायल

# अमेरिका में आतंकी हमला, बेकाबू ट्रक ने दर्जनों को कुचला, 10 की मौत

*अमेरिका के न्यू ओर्लियंस में बुधवार को नए साल के मौके पर आतंकी हमले की खबर है। यहां पर एक ट्रक भीड़ में घुस गया और कई लोगों को कुचल दिया। इस घटना में 10 लोगों की मौत हुई है और 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। न्यू ऑरलियन्स के मेयर लाटोया कैंट्रेल ने इसे आतंकवादी हमला बताया। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह हादसा है या फिर आतंकी हमला है।*

एजेंसी ▶▶| न्यू ओर्लियंस

अमेरिका के न्यू ओर्लियंस में यह घटना लगभग सुबह 3.15 बजे बोरबन स्ट्रीट और इबर्विले के चौराहे पर हुई, जो अपने नाइटलाइफ और अपने वाइब्रेंट कल्चर के लिए मशहूर है। लोगों को कार से कुचलने और गोलीबारी करने का संदिग्ध पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को यह जानकारी दी। कुछ अधिकारियों ने नाम उजागर न करने की शर्त पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वे जांच का विवरण देने के लिए अधिकृत नहीं हैं। न्यू ओर्लियंस में कैनाल एवं बॉर्बन स्ट्रीट नामक मार्ग पर बुधवार को एक कार के भीड़ में घुसने से 10 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। यह घटना न्यू ओर्लियंस में नए साल के जश्न के अंत में तड़के 3.15 बजे और शहर के कैसर सुपरडोम में आयोजित कॉलेज फुटबॉल क्वार्टर फाइनल ऑलस्टेट बाउल की शुरुआत से कुछ घंटे पहले हुई, जिसमें हजारों लोगों की मौजूदगी की उम्मीद थी।

■ न्यू ओर्लियंस में हुई घटना का संदिग्ध मारा गया

### मेयर ने बताया आतंकी हमला, पुलिस कर रही जांच



### भारी जानमाल के नुकसान की आशंका

*न्यू ऑरलियन्स पुलिस विभाग के प्रवक्ता ने मेट्रो को बताया कि एक वाहन ने लोगों के समूह में घुसकर कुचल दिया। इसमें जानमाल का कितना नुकसान हुआ है, इसका ठीक से आकलन नहीं किया जा सका है। बताया जा रहा है कि, हजारों लोग नए साल का जश्न मनाने के लिए पास के बोरबन स्ट्रीट पर इकट्ठा हुए थे। पुलिस ने लोगों से अपील की कि फिलहाल इस क्षेत्र की यात्रा से बचें क्योंकि इमरजेंसी टीमें घटना की जांच कर रही है।*

### मेयर ने कहा- आतंकी हमला

न्यू ओर्लियंस की मेयर लाटोया कैंट्रेल ने इसे 'आतंकी हमला' करार दिया। शहर के पुलिस प्रमुख ने कहा कि इस कृत्य को स्पष्ट रूप से जानबूझकर अंजाम दिया गया। संघीय जांच एजेंसी एफबीआई के प्रभारी सहायक ने हालांकि कहा कि यह कोई आतंकवादी घटना नहीं है।

### न्यू ओर्लियंस में इमरजेंसी जैसे हालात

एक्सीडेंट और गोलीबारी की घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ाई गई है। मौके पर इमरजेंसी जैसे हालात पैदा हो गए हैं। वीडियो और तस्वीरों में पुलिस की गाड़ियां, एम्बुलेंस और कोरोनर कार्यालय के वाहन क्षेत्र में दिखाई दे रहे थे। जहां स्थानीय अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

अमेरिका ने दी हरी झंडी

## मुंबई हमले के आरोपी राणा का होगा प्रत्यर्पण



भारत को अमेरिका में बड़ी सफलता मिली है। 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत लाने का रास्ता साफ हो गया है। राणा के प्रत्यर्पण के लिए अमेरिकी कोर्ट ने हरी झंडी दे दी है। अमेरिकी कोर्ट ने अगस्त 2024 में फैसला सुनाते हुए भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को भारत भेजने को मंजूरी दी थी। अब भारत उसे जल्द लाने की प्रक्रिया तेज कर रहा है। राणा पर आरोप है कि उसने 26/11 के मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली की मदद की थी। हेडली ने मुंबई में ठिकानों की रेकी की थी। इससे पहले भारत ने अमेरिकी कोर्ट के समक्ष मजबूत सबूत पेश किए थे, जिनमें राणा की संलिप्तता साफ देखी गई थी।

### कौन है तहव्वुर राणा?

*तहव्वुर राणा का जन्म पाकिस्तान में हुआ था, उसने आर्मी मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई की और पाकिस्तान आर्मी में 10 साल तक बतौर डॉक्टर काम काम किया, लेकिन तहव्वुर राणा को अपना काम पसंद नहीं आया और उसने ये नौकरी छोड़ दी। भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में शामिल रहने वाला तहव्वुर राणा अभी कनाड़ा का नागरिक है, लेकिन हाल में वह शिकागो का निवासी था, जहां उसका बिजनेस है।*

## अफसरों से साय ने कहा- प्रशासनिक कामकाज में ढिलाई बर्दाश्त नहीं



■ मुख्यमंत्री ने नए साल के पहले दिन सचिवों और विभागाध्यक्षों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नए साल के पहले दिन बुधवार को मंत्रालय में सभी विभागों के सचिवों और विभागाध्यक्षों की बैठक लेकर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता और कसावट लाने के साथ-साथ आमजनता से जुड़े मामलों का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में दो टूक कहा, प्रशासनिक काम-काज में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारी ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कानून-ट्रैफिक व्यवस्था पर दें ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत होनी चाहिए। ट्रैफिक व्यवस्था पर भी बहुत ध्यान दिए जाने की जरूरत है। आजकल बहुत सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। अभियान चला कर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम का पुख्ता प्रबंध किया जाना चाहिए ताकि इसमें कमी लायी जा सके। छत्तीसगढ़ में अन्य राज्यों से नशे की सामग्रियों की तस्करी न होने पाए, इस पर कड़ाई से रोक लगाने ▶▶| शेष पेज 4 पर

### • सभी विभागों की हर माह समीक्षा

उन्होंने कहा कि वे स्वयं सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने सभी विभागीय सचिवों को अपने विभाग की नियमित समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा, हर महीने वर्चुअल समीक्षा के साथ ही हर 3 महीने में भौतिक समीक्षा भी की जाए। साथ ही बड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने का ▶▶| शेष पेज 4 पर

## किसानों को नए साल की सौगात 1350 में मिलता रहेगा डीएपी फसल बीमा का बढ़ा बजट



■ मोदी सरकार ने दिया तोहफा चार करोड़ को मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने नए साल पर किसानों को सौगात दी है। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने को मंजूरी दे दी है। इसी के साथ डीएपी फर्टिलाइजर पर सब्सिडी जारी रहेगी। डीएपी खाद का 50 किलो का बैग पहले की तरह 1350 रुपए का मिलता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 31 दिसंबर 25 तक मिलेगा फायदा

फसल बीमा योजना एक साल के लिए लागू रहेगा यानी 31 दिसंबर 2025 तक के लिए इसका फायदा लिया जा सकेगा। सरकार ने डीएपी फर्टिलाइजर मैन्यूफैक्चरर्स को वित्तीय सहायता देने के लिए इस पैकेज की मंजूरी दी और कच्चे माल की बढ़ती लागत की भरपाई के लिए इस फैसले को लागू किया जा रहा है।

### खेती के लिए क्यों जरूरी है डीएपी

डीएपी का मतलब है डाइ-अमोनियम फॉस्फेट, यह एक फर्टिलाइजर है, जो फसल और पौधों के लिए फास्फोरस और नाइट्रोजन का एक मुख्य सोर्स है। डीएपी एक पानी में घुलने वाला फर्टिलाइजर है जो अमोनिया और फॉस्फोरिक एसिड की रिएक्शन से बनता है। यह खेती और दूसर उद्योगों के लिए एक पॉपुलर ऑप्शन है क्योंकि यह तेजी से घुलने वाला है और इसमें हाई न्यूट्रिएंट्स होते हैं।

### सरकार का पहला फैसला किसानों को समर्पित



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'फसल बीमा योजना' के लिए आवंटन बढ़ाने सहित केंद्रीय मंत्रिमंडल के कुछ अन्य फैसलों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि नए साल में सरकार का पहला फैसला किसानों को समर्पित है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में यह भी कहा कि उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार किसानों के कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस निर्णय से 2025-26 तक देश भर के किसानों को नहीं रोके जा सकने योग्य प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम कवरेज में मदद मिलेगी।

*आगरा के युवक ने लखनऊ के होटल में की वारदात*

## जमीन विवाद पर मां और चार बहनों को मार डाला

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

स्तब्ध करने वाली एक घटना में आगरा के 24 वर्षीय युवक ने जमीन से जुड़े विवाद में अपने समुदाय के लोगों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न से परेशान होकर बुधवार की सुबह यहां एक होटल में अपनी चार बहनों और मां की कथित तौर पर हत्या कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी मोहम्मद अरशद को इस दिल दहलाने वाली घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना नाका क्षेत्र में स्थित होटल शरनजीत में घटित हुई। पुलिस उपायुक्त (मध्य लखनऊ) रवीना त्यागी ने कहा कि आरोपी की पहचान अरशद (24) के रूप में हुई जिसने अपने ही परिवार के पांच सदस्यों ▶▶| शेष पेज 4 पर



### पुलिस जांच में जुटी

घटनास्थल पर पहुंचे संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) बबलू कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि फारेंसिक टीम साक्ष्य संग्रह करने के लिए सक्रियता के साथ जांच कर रही है। वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

इस घटना के तुरंत बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया जिसमें अरशद ने अपनी बहनों और मां की कलाई और गला काटने का अपराध स्वीकार किया है। उसका आरोप है कि उसके क्षेत्र के लोगों ने उसका घर हड़पने के लिए उसके परिवार पर अकल्पनीय अत्याचार किए हैं जिसके खिलाफ आवाज उठाने के बावजूद किसी ने कभी उनकी बात नहीं सुनी।

75 साल बाद चली सरकारी बस

## सीएम फडणवीस के सामने 11 नक्सलियों ने किया सरेंडर

एजेंसी ▶▶| नागपुर

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सलवाद की कमर टूट रही है। बुधवार को तरक्का सिदम समेत 11 नक्सलियों ने गढ़चिरौली पुलिस



मुख्यालय में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इस दौरान सीएम फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र नक्सलवाद से मुक्त होने की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि अब नक्सली हथियार छोड़कर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ सीमा पर बना पुल

इस दौरान मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर ताड़गुड़ा में पुल का उद्घाटन किया। गट्टा से वांगेतुरी तक एमएसआरटीसी बस सेवा की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के साथ राज्य परिवहन की बस में यात्रा भी की। यह बस 32 किमी लंबे गट्टा-गरदेवाडा-वांगेतुरी मार्ग और वांगेतुरी-गरदेवाडा-गट्टा-अहेरी मार्ग पर चलेगी।

देश का रेल नेटवर्क बदलेगा 2047 तक, नई रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल लग रही भिलाई में

# बीएसपी बनाएगा तीसरी रेल मिल, देशभर जाएंगी पटरियां

आलोक तिवारी ▶▶| भिलाई

अलग खबर

भारतीय रेलवे अपने रेल नेटवर्क का विस्तार पटरियों की मजबूती के साथ कर रहा है, जिससे भविष्य में अधिक भार वहन क्षमता की तेज गति की ट्रेन दौड़ाई जा सके। विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप रेलवे अब अपनी जरूरत में बदलाव कर रहा है। भारतीय रेलवे को शतप्रतिशत रेलपांत की आपूर्ति कर रहे भिलाई स्टील प्लांट में इस जरूरत के मुताबिक परियोजना पर काम चालू हो चुका है। जिसके अंतर्गत रेलवे को नए मानक की रेलपांत देने भिलाई स्टील प्लांट अपनी तीसरी रेल मिल लगाने जा ▶▶| शेष पेज 4 पर

### जमीन तैयार की जा रही

सूत्रों ने बताया कि मौजूदा रेल नेटवर्क की क्षमता में बढ़ोत्तरी करने पहले से ज्यादा भार सहन करने वाली पटरियां बिछाई जाएंगी। फिलहाल भारतीय रेलवे अपने रेल नेटवर्क के लिए भिलाई स्टील प्लांट में निर्मित आर-260 मानक की रेल पटरियां बना रहा है। भविष्य में भारतीय रेलवे आर-350 तक मानक की रेल पटरियां अपनी मौजूदा नेटवर्क में ही लगाने की तैयारी में है। रेलवे की इस जरूरत को देखते हुए भिलाई स्टील प्लांट में तैयारी शुरू हो चुकी है। यहां तीसरी रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल स्थापित की जाएगी।



### हरी झंडी मिलते ही शुरू होगा काम

इस नई रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल में सालाना 9 लाख टन हार्डन रेल और 3 लाख टन स्ट्रक्चरल उत्पादन करने का प्रस्ताव है। फिलहाल मामला स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निदेशक मंडल के समक्ष है। सेल बोर्ड से हरी झंडी मिलते ही यहां नई रेल मिल की स्थापना का काम शुरू हो जाएगा। सूत्रों के मुताबिक साल ▶▶| शेष पेज 4 पर

### भिलाई में अभी दो रेल मिल

भिलाई स्टील प्लांट में पहली रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल का उद्घाटन 27 अक्टूबर 1960 को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने किया था। इसके बाद दूसरी रेल मिल के तौर पर यूनिवर्सल रेल मिल की स्थापना महत्वाकांक्षी 70 लाख टन परियोजना में किया गया। यहां उत्पादन की शुरूआत सन 2018से हुई है। अब भिलाई में तीसरी रेल मिल की तैयारी है जो अगले 3 साल या उससे पहले स्थापित हो जाएगी। सूत्रों के मुताबिक तीसरी रेल मिल चालू होने पर भी बाजार की मांग को देखते हुए पुरानी रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल चलती रहेगी।

## चिंतन

# नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा कंगाल हो चुका पाक

पड़ोसी पाकिस्तान इस समय बहुत बुरे दौर से गुजर रहा है। एक तरफ गरीबी और भुखमरी है तो दूसरी तरफ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोग विद्रोह पर उतारू हैं। अफगानिस्तान सीमा पर तालिबान पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। प्रतिदिन का खर्च चलाने के लिए उसे बार-बार मित्र देशों के सामने हाथ फैलाना पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष कर्ज देने के नाम पर बार-बार आंखें दिखा रहा है। इतना सब होने के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। वो हर संभव कोशिश कर रहा है कि किसी भी तरह से भारत में एक बार फिर से आतंकवाद को जिंदा किया जाए। वो कभी पंजाब के साथ लगी सीमा से भारत में गुब्बारों को प्रवेश करवा रहा है तो कभी कश्मीर से आतंकियों की घुसपैठ की हरकतें कर रहा है। अब एक नया खुलासा हुआ है। पाक की पूरी कोशिश है कि पंजाब के साथ-साथ कश्मीर, उतरप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड में आतंकियों का नया जाल बिछाया जाए। इसके लिए खुद खाने को मोहताज पाकिस्तान न केवल बड़ी धनराशि खर्च कर रहा है बल्कि आतंकियों को हथियार और असलहा भी मुहैया करवा रहा है। इसका खुलासा पीलीभीत में बीते दिनों तीन आतंकियों की पुलिस से मुठभेड़ के बाद हुआ। जब पूरे मामले की जांच की गई तो इसके पीछे खालिस्तानी लिंक मिला और इसे पोषित करने में आईएसआई और पाकिस्तान दिखाई दिए। 23 दिसंबर को पुलिस से मुठभेड़ में तीनों आतंकी तो मारे गए, लेकिन उसके बाद जो सामने आ रहा है वो चौंकाने वाला है। पाकिस्तान ने उन्हें न केवल गोला-बारूद उपलब्ध करवाया बल्कि दहशत फैलाने के लिए धन का भुगतान भी किया। बीते 4 साल में पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और उतरप्रदेश में भारत विरोधी और खालिस्तान के समर्थन में कई बार आवाज उठी। इसमें सरकारी इमारतों, स्कूलों और गुरुद्वारों के बाहर पोस्टर, बैनर और भड़काऊ नारे लगाए गए। कई जुलूस भी निकाले गए, जिनमें आतंकी संगठन बब्बर खालसा और जरनैल सिंह भिंडरावाले के पोस्टर लहराए गए। देश की राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में बार-बार बम धमाके करने की धमकियों के पीछे भी पाक की हरकतें ही हैं। पीलीभीत में मारे गए तीनों लड़कों के पास से एके-47 और स्वीडन मेड जी-लॉक पिस्टल मिली है। माना जा रहा है कि ये पाकिस्तान में बैठे उनके आकाओं ने भेजी होंगी। उनका लीडर रणजीत सिंह नीटा पाकिस्तान से ही ऑपरेट करता है। बीते 4 साल में पाकिस्तान बॉर्डर से सटे पंजाब के कई इलाकों में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के सपोर्ट से टेरर ग्रुप मजबूत हुए हैं। इसमें भिंडरावाले कमांडो फोर्स ऑफ खालिस्तान, खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स, सिख फॉर जस्टिस और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स शामिल हैं। भारत में गिरफ्तार खालिस्तानी आतंकवादियों से पूछताछ के बाद पता चला है कि आईएसआई की मदद से पाकिस्तान में सिख युवाओं को ट्रेनिंग दी जाती रही है। उन्हें राइफल, स्नाइपर गन, ग्रेनेड और गन पाउडर से ब्लास्ट करना सिखाया जाता है। ट्रेनिंग के बाद उनके जरिए अमृतसर, लुधियाना, चंडीगढ़, दिल्ली जैसे बड़े शहरों में ब्लास्ट करने और बड़े लोगों को निशाना बनाने की कोशिश भी की गई, लेकिन हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने उनके मनसूबों को कामयाब नहीं होने दिया। हमारा सुरक्षा घेरा इतना मजबूत है कि पाक को हर बार मुंह की खानी पड़ रही है, लेकिन हमें और भी ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। बौखलाया पाकिस्तान कितना भी नीचे गिर सकता है क्योंकि अब उसकी पूरी दुनिया में पोल खुल चुकी है।



श्रद्धांजलि
घनश्याम 'बादल'

# रेखाओं के बाणों से बींध देते थे 'काक'

काक उनका 'सिग्नेचर' नाम था। असली नाम था हरीश चंद्र शुक्ला। शायद इस नाम से उन्हें बहुत कम लोग जानते हों लेकिन उस जमाने में जब अखबार खबरों के सबसे बड़े माध्यम हुआ करते थे और अधिकांश पाठक अखबार पढ़ने की शुरुआत हैडलाइंस से करते थे, तब मैकेनिकल इंजीनियर की नौकरी करके भी लगातार धारदार कार्टून बनाकर काक ने अपने मोटे ब्रश से बनाए गए कार्टून कोनों से इस परंपरा को बदलकर रख दिया। देश के प्रमुख अखबारों में मुख्य पृष्ठ पर बाईं ओर एक कोने में केवल चार साढ़े चार इंच के बॉक्स में छपने वाला उनका कार्टून जागरूक पाठकों की पहली पसंद बन गया। अधिकांश प्रतिष्ठानों में उनका रुतबा संपादकों से भी बड़ा बना रहा।

साल 2025 की पहली खबर ही रचनात्मक दुनिया को एक मनहूस खबर के रूप में मिली। सुबह पांच बजे ही सूरज की पहली किरण से पहले प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट 'काक' हम सबको पिछले 50 साल से भी ज्यादा अवधि में हंसाते हुए, हृदय आघात से दुनिया छोड़कर चले गए। वैसे काक उनका 'सिग्नेचर' नाम था। असली नाम था हरीश चंद्र शुक्ला। शायद इस नाम से उन्हें बहुत कम लोग जानते हों लेकिन उस जमाने में जब अखबार खबरों के सबसे बड़े माध्यम हुआ करते थे और अधिकांश पाठक अखबार पढ़ने की शुरुआत हैडलाइंस से करते थे, तब मैकेनिकल इंजीनियर की नौकरी करके भी लगातार धारदार कार्टून बनाकर काक ने अपने मोटे ब्रश से बनाए गए कार्टून कोनों से इस परंपरा को बदलकर रख दिया।

देश के प्रमुख अखबारों में मुख्य पृष्ठ पर बाईं ओर एक कोने में केवल चार साढ़े चार इंच के बॉक्स में छपने वाला उनका कार्टून जागरूक पाठकों की पहली पसंद बन गया। अब अखबार जनसत्ता हो या नवभारत टाइम्स चौथी दुनिया हो या जागरण, हर अखबार के संपादक की पहली पसंद होते थे काक के कार्टून। काक काम के लिए अखबारों के प्रतिष्ठानों के पीछे नहीं भागे बल्कि प्रतिष्ठान उन्हें ससम्मान अपने यहां लेकर गए और पाठकों की मांग और उनकी लोकप्रियता को देखते हुए अधिकांश प्रतिष्ठानों में उनका रुतबा संपादकों से भी बड़ा बना रहा। लेकिन इस रुतबे का विनम्र स्वभाव के हरिश्चंद्र शुक्ला ने कभी फ़ायदा नहीं उठाया। विनम्रतापूर्वक चुप रहकर कुछ इस तरीके से मोटी रेखाओं के रेखाचित्र बनाते रहते थे कि मोटी से मोटी बुद्धि का पाठक भी उनके 'नज़रिए' या काक दृष्टि को समझ जाता था और उनके व्यंग्य की तीखी धार तथा व्यंग्य की मार को अंदर तक महसूस करता था। काक के कार्टून और चित्रों ने भारतीय समाज के विभिन्न पहलुओं को बहुत सटीकता से चित्रित किया।

16 मार्च 1940 को उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के एक छोटे से गांव 'पुरा' में जन्मे पेशे से भूतपूर्व मैकेनिकल इंजीनियर कोक की पहले दृष्टि गजब की थी। राजनीतिक आर्थिक, सामाजिक या तकनीकी अथवा तीज त्यौहार सभी क्षेत्रों से वे अपने कार्टूनों की सामग्री इतने स्वाभाविक तरीके से ढूंढ लेते थे कि देखने वाला बस देखते ही रह जाता था। काक के पिता शोभा नाथ शुक्ला, एक स्वतंत्रता सेनानी और गंभीर स्वभाव के व्यक्ति थे मगर उनका बेटा हरिश्चंद्र शुक्ला व्यवस्थाओं में एवं प्रशासन में अपनी पहली दृष्टि से ऐसे चित्र ढूंढ लाता था कि व्यक्ति मुस्कुराए बगैर नहीं रहता था। काक के कार्टूनों में सेंस ऑफ ह्यूमर गजब का था और तीखे कटाक्ष में अद्भुत ताजगी थी। उनके कार्टूनों में रोज़ की राजनीतिक हलचलों का विश्लेषण बेहद सटीक था। हो सकता है आज की पीढ़ी शायद काक से ज़्यादा परिचित न हो, लेकिन उनके कार्टूनों ने एक दौर में बड़ी पहचान बनाई। काक हर दिल अजीज कार्टूनिस्ट ही नहीं अपितु बेहद संवेदनशील व्यक्ति भी थे। अपने पाठकों से उनका गहरा लगाव था। एक बार जब नवभारत टाइम्स में उनके कार्टून राजेंद्र माथुर के संपादन काल में प्रमुखता से छप रहे थे तब मैं हाई स्कूल या इंटरमीडिएट का छात्र था और उनके कार्टूनों का बहुत बड़ा मुरीद, मैंने बहुत ही मासूमियत भरे अंदाज में उनसे पत्र लिखकर पूछा था कि क्या मैं भी उनके 'बुढऊ' को बना सकता हूं तो उन्होंने



कार्टून के जरिए ही इसका जवाब भी दिया था जिसमें उनका बुढऊ कहते हुए दिख रहा था मुझे तो कोई भी 'बना' सकता है। फेसबुक पर भी जब मैंने उनकी प्रोफाइल देखी तो उत्सुकतावश उन्हें फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी और उन्होंने सहृदयतापूर्वक मुझे अपनी मित्रता सूची में जोड़ लिया। उसके बाद से इस आभासी मंच के माध्यम से उनसे लगातार संपर्क बना रहा। 83 वर्ष की उम्र में भी उनकी सक्रियता देखते ही बनती थी और करीब-करीब रोज ही एक नया कार्टून बनाकर अपने प्रोफाइल पर डाल देते थे। नव वर्ष की सुबह जब उनके निधन का समाचार उनके फेसबुक अकाउंट के माध्यम से ही मिला तो यक़ीन नहीं हुआ लेकिन यही जीवन का कटु यथार्थ है कि जो आया है उसे जाना ही पड़ेगा लेकिन व्यक्ति की पहचान उसके द्वारा जिए गए बरसों से नहीं बल्कि उसके द्वारा किए गए कार्यों से अधिक बनती है और बेशक एक कार्टूनिस्ट एवं कैरीकेचर बनाने वाले आर्टिस्ट के तौर पर आज भी काक के मुकाबले का रेखांकनकार दूसरा तो नजर नहीं आता। अपने श्रेष्ठ एवं चुटीले कार्टूनों के लिए काक को अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले। 2003 में उन्हें हिंदी अकादमी दिल्ली द्वारा "काका हाथरसी सम्मान" मिला तो केरल ललित कला अकादमी और केरल कार्टून अकादमी द्वारा भी सम्मानित किया गया। 2009 में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कार्टूनिस्ट्स, बेंगलूरु ने उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मान दिया। उसी साल कार्टून वॉच द्वारा आयोजित कार्टून फेस्टिवल में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड भी काक को मिला। इसके बाद, 2016 में पत्रकारिता में उत्कृष्टता हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया, और 2017 में भारतीय प्रेस परिषद द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया गया। बीच के कुछ वर्षों में काक ने फ्रीलांसर रूप में कार्टून बनाए जो प्रमुखता के साथ प्रकाशित हुए। एक वक्त था जब जनसत्ता में तेज तर्रार पत्रकारिता की नई पौध तैयार हो रही थी। काक के कार्टून पहले पेज पर प्रकाशित हो रहे थे। काक इससे पहले दैनिक जागरण, धर्मयुग से लेकर दिनमान और शंकर वीकली में छप चुके थे, पर जनसत्ता में नियमित प्रकाशित बेबाक कार्टूनों से उन्हें देशव्यापी पहचान मिली। 1985 में उन्होंने जनसत्ता छोड़ नवभारत टाइम्स ज्वाइन कर लिया। राजेंद्र माथुर एवं सुरेंद्र प्रताप सिंह के संपादकत्व में काक के कार्टून और भी तीखे होकर सामने आए। कोई भी नेता, अभिनेता, खिलाड़ी, पत्रकार, सेलिब्रिटी, कोई घटना अथवा आयोजन उनके निशाने से नहीं बचा। उनकी काक दृष्टि उनके कार्टून कोने 'नज़रिया' में उस समय शीर्ष पर थी।

यह वह समय था जब हिंदी अखबारों में युवा कार्टूनिस्ट अपनी महत्वपूर्ण जगह बनाने लगे थे। सुधीर तैलंग, इरफान, राजेन्द्र धोड़पकर से लेकर चंदर तक कार्टूनिस्टों की नई जमीन तैयार हो रही थी। आर.के. लक्ष्मण, सुधीर दर और सुशील कालरा तथा सुशील कुमार जैसे स्थापित कार्टूनिस्ट तो पहले से ही मौजूद थे, बाद में हिंदी अखबारों के विशुद्ध व्यापारीकरण, उत्थान-पतन के साथ भटकाव, बिखराव, राजनीतिक दलों एवं नेताओं को खुश करने की नीतियां, लाभ प्राप्त करने के लिए किसी भी हद तक चले जाने वाली खबरों से कार्टूनिस्टों को सबसे बड़ा नुकसान पहुंचा। शायद इसी माहौल को देखते हुए काक ने खुद को संस्थानों से अलग कर लिया मगर उनके अंदर का कार्टूनिस्ट कभी मरा नहीं। अब काल का यथार्थ कुछ भी कहे, शरीर भले ही पंचतत्व में विलीन हो जाए मगर मुझ जैसे उनके मुरीद कभी भी यकीन नहीं करेंगे कि काक अब इस दुनिया में नहीं रहे। वास्तव में वे सदैव हमारे बीच रहेंगे, अपने धारदार वक्तव्य एवं शब्दों, अपनी विनम्रता, विद्वता और नई पीढ़ी को हर तरह का संरक्षण एवं स्नेह देने वाले काक कभी मर भी नहीं सकते। उन्हें सादर श्रद्धांजलि।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दो टूक

विकास खितौलिया



# आंबेडकर के मिशन को अंजाम तक नहीं पहुंचा पाए समर्थक

आजादी के बाद दलित, शोषित एवं वंचित समाज के चहुंमुखी विकास के लिए कांग्रेस ने जो बीड़ा उठाया था, वह सच साबित नहीं हो सका। संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जिन्होंने देश को चलाने की संवैधानिक शक्ति दी, उन्हीं आंबेडकर के विरोध में कांग्रेस ने सन 1952 के हुए प्रथम लोकसभा चुनाव में मुंबई से नारायण काजोलकर को अपना प्रत्याशी बनाया। इतना ही नहीं, सन् 1953 में भंडारा (महाराष्ट्र) के लोकसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में भी डॉ. आंबेडकर दूसरी बार खड़े हुए, तो कांग्रेस ने वानखेड़े को अपना प्रत्याशी बनाकर उन्हें पुनः हराने का काम किया। यदि कांग्रेस के नेता चाहते तो डॉ. आंबेडकर को निर्विरोध चुनकर संसद में भेज सकते थे। केंद्र में अपनी सरकार के रहते हुए कांग्रेस ने कभी भी संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर को भारत रत्न नहीं दिया। संसद भवन में भी उनका तेलचित्र नहीं लगाया गया। इसके विपरित भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय वी.पी. सिंह की सरकार के कार्यकाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा लालकृष्ण आडवाणी के विशेष आग्रह पर डॉ. भीमराव आंबेडकर को मरणोपरांत भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया गया और संसद भवन में उनका तेलचित्र भी लगाया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने 'आरक्षण नीति' का विरोध करते हुए 27 जून, 1961 को मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में 'अपनी पंरपरागत लीक से हटकर चलने' तथा 'आरक्षण की पुरानी आदतों से बाहर आने' की आवश्यकता पर बल दिया था। 'हिन्दू कोड बिल' को यदि डॉ. आंबेडकर ने प्रस्तावित न किया होता तो, आज देश की नारी जाति को पढ़ने या नौकरी पेशे में जाने, माता-पिता की धन-सम्पत्ति में हिस्सा पाने और विवाह संबंधी अधिकार हासिल नहीं होते। जहां तक बहुजन समाज पार्टी की बात है तो, 14 अप्रैल, 1984 को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर बसपा की स्थापना हुई थी। शुरू में इसका नारा था 'बाबा साहेब का मिशन अधूरा, कांशीराम जी करेंगे पूरा'। कांशीराम का सपना अधूरा रह गया। दलित राजनीति हाशिए पर आ गई। जो हाथी निर्धनों की सवारी के लिए गया था और अमीरों के घरों से छुड़ाया था, वह धनी एवं बहुबलियों के पास पहुंच गया। इसके चलते वे हजारों लोग जो मिशन में लगे हुए थे, बर्बाद हो गए। कांशीराम ने एक बार स्पष्ट कहा था कि जब बसपा 'राजनीतिक पार्टी बनने और इसके शक्तिशाली होने पर लोग इसमें आंधी और तूफान की भांति आएंगे, यदि मिशन बनाने वाले लोग मजबूती से खड़े नहीं हुए तो वे लोग बसपा रूपी महल में जंगले, खिड़कियों और दरवाजों को तोड़कर उसमें घुस जाएंगे और मिशन को तहस-नहस कर देंगे।' वर्तमान में यह कथन साबित हुआ है। डॉ. आंबेडकर ने दलित समर्थक, आंदोलनकारी पैदा किए थे, इसलिए उनका नाम विश्व में आज भी जिंदा है। लेकिन बसपा के संस्थापक कांशीराम और मायावती ने मिशन को आगे ले जाने वाले सच्चे समर्थक पैदा नहीं किए। परिणामस्वरूप आज बसपा देश के एक विशेष राज्य में ही सिमटती जा रही है। मिशन से जुड़े लोगों का हक उन्हें न मिलकर आज पार्टी से जुड़े बाहुबलियों एवं धनवान ठेकेदारों को मिल रहा है।

यही कारण है कि दलितों के वोटों से चुनकर आने वाले बसपा के जनप्रतिनिधियों का एक समूह बसपा को छोड़कर चाहे जब चला जाता है। इसके विपरित, भाजपा ने सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए अयोध्या अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डा रखा। धारा 370 एवं 35ए आर्टिकल हटाया जिससे सबसे ज्यादा लाभ जम्मू और कश्मीर के अनुसूचित जाति समाज के लोगो को मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सफाई कर्मचारियों के चरण धोकर अनुसूचित जाति को सम्मान देने का काम किया। मध्य प्रदेश के सागर में 100 करोड़ की लागत से बन रहे संत रविदास मंदिर का शिलान्यास किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदल कर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989-अनुसूचित जाति के लोगों के बेहतर सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए इस अधिनियम में 2015 एवं 2018 में संशोधन कर सशक्त बनाया है। उपरोक्त कांग्रेस, बसपा एवं अन्य विपक्षी दलों ने दलितों में जाकर भाजपा के बारे में दुष्प्रचार करते हुए कहा कि भाजपा एक सांप्रदायिक पार्टी है। वह दलित का इतिहास मिटाकर अपना संविधान लागू करना चाहती है। लेकिन भाजपा की वास्तविक स्थिति और सोच से भली-भांति अवगत होने पर कहा जा सकता है कि भाजपा एक दलित हितेषी पार्टी बनकर उभरी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भजन ही शरीर का प्राण है



संकलित
दर्शन

काकभुशुंडि जी कहते हैं, मेरे इस भाव परिवर्तन से मेरे परमकृपालु सदाशिव विश्वनाथ मुझ पर और भी अधिक प्रसन्न हो गए। उन्हें लगा कि मेरे इस भक्त (काकभुशुंडि) का प्रवेश मेरे हृदय में हो गया है और इसने देख लिया कि मेरे इष्ट तो बालक राम हैं, जो अयोध्या में दशरथ के अजिर में मालपुआ लेकर घूमते रहते हैं। काकभुशुंडि जी हमें और आपको यह बताना चाहते हैं कि जब उन्होंने कौआ होकर भी भगवान को पा लिया तो हम लोगों के भाग्य के लिए तो शब्द ही नहीं हैं। प्रभु श्रीरामचंद्र जी ने स्वयं भी समस्त चराचर के कल्याण के लिए मनुष्य का ही शरीर धारण कर लिया है। वे कहते हैं कि इस शरीर को पाने का मात्र एक ही लाभ है कि व्यक्ति भगवान का भजन करे। भक्त काकभुशुंडि ने मनुष्य शरीर से भजन करने के प्रताप और फल को बताते हुए कहा कि ज्ञानी ऋषि लोमश ने मेरे अंदर भक्ति के प्रति पक्षपात देखकर भले ही मुझे अपनी दृष्टि से कौआ बनने का शाप दिया था, पर वह मेरे लिए वरदान हो गया। महत्व इसका नहीं है कि हम किस शरीर, किस देश, किस जाति और धर्म के हैं। काकभुशुंडि जी कहते हैं कि महत्वपूर्ण यह है कि हम भगवान की भक्ति और भजन कर रहे हैं या नहीं? भजन ही शरीर का प्राण है। गोस्वामी जी ने इस बात पर जोर दिया है कि जिसने इस धरा पर जन्म लेकर भगवान का भजन कर लिया, बस वही धन्य है। उसी की विजय होती है, वही संसार में सबके प्रति विनयी होता है, वही गुणों की खान होता है और सारे विश्व में उसी का यश त्रैलोक्य में उजागर होता है, जिसने जन्म लेकर भगवान के दिए हुए इस शरीर का सदुपयोग कर लिया। यह मनुष्य शरीर बड़े भाग्य से मिला है।

## कभी भी अपने धन और पद का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिव जी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिव जी गणेश जी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेश जी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश जी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेश जी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश जी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने शिव जी से क्षमा मांगी और घमंड न करने का संकल्प लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बांग्लादेश का हिंदू किसके भरोसे?

विश्व के अनेक देशों में आज युद्ध की जो स्थिति बनी हुई है, वैसा ही संकट बांग्लादेश में उत्पन्न हो रहा है। इस संकट का बीजारोपण आज नहीं, बल्कि धर्म और जिहाद की आड़ में वर्षों पहले ही रोपित हो चुका था। बांग्लादेश, जो कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भारत का घनिष्ट पड़ोसी है, वहां अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार न केवल मानवाधिकारों का हनन है, बल्कि यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत-बांग्लादेश संबंधों के लिए भी चुनौती बन गया है। बीते कुछ वर्षों में, बांग्लादेश में चरमपंथी ताकतों का उभार हुआ है और उनके हाथों में सत्ता की चाबी आने के बाद से स्थिति और भी विकट हो गई है। बांग्लादेश में हिंदू लंबे समय से उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। *– पुनीत बक्शी, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### फ्रांस के सैनिकों को आइवरी कोस्ट छोड़ने का आदेश

आइवरी कोस्ट ने कहा है कि उसकी धरती पर मौजूद फ्रांस के सैनिक शीघ्र ही देश छोड़ देंगे। फ्रांस के सैनिक दशकों से यहां मौजूद हैं। आइवरी कोस्ट के राष्ट्रपति अलास्साने ओउटारा ने कहा कि सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया इस माह से प्रारंभ हो जाएगी। आइवरी कोस्ट में फ्रांस के 600 सैनिक मौजूद हैं। उन्होंने कहा, 'हमने आइवरी कोस्ट में मौजूद फ्रांस के सैनिकों की सुनियोजित तरीके से वापसी का निर्णय लिया है।' राष्ट्रपति ने कहा कि पोर्ट बोएट की सैन्य बटालियन, जिसका जिम्मा अभी तक फ्रांस के सैनिक संभाल रहे थे उसकी कमान अब देश की सेना को सौंप दी जाएगी। आइवरी कोस्ट के अलावा हाल में कई पश्चिम अफ्रीकी देशों ने फ्रांस के सैनिकों को उनके देश से जाने को कहा है। इसमें सेनेगल, माली, चाड, नाइजर और बुर्किना फासो शामिल हैं। इन देशों में फ्रांस के सैनिक कई वर्षों से मौजूद थे। ये घटनाक्रम फ्रांस और उसके पूर्व उपनिवेशों के बीच संबंधों में बदलाव का संकेत है, साथ ही फ्रांस के कम होते असर को दिखाता है। फ्रांस के सैनिक अब 70 प्रतिशत से अधिक अफ्रीकी देशों से चले गए हैं।



## ऑफ बीट

### अवसाद का लक्षण दुखी होना नहीं खुशी न मिलना भी है

अक्सर ऐसा माना जाता है कि अगर कोई अवसाद ग्रस्त है तो वह हर वक्त दुखी या हताश महसूस करेगा। लेकिन कई लोगों को यह नहीं मालूम कि अवसाद का केवल यही लक्षण नहीं है। अवसाद का एक और लक्षण है कि आपको उन चीजों में अब मजा नहीं आता या उनमें दिलचस्पी नहीं होती जिनमें पहले होती थी और इस लक्षण को कई बार नजरअंदाज कर दिया जाता है। इस लक्षण को 'एनहेडोनिया' के नाम से जाना जाता है और यह अवसाद से जूझ रहे 75 प्रतिशत वयस्कों तथा युवाओं में देखा जाता है। एनहेडोनिया को सभी या लगभग हर उस गतिविधि में दिलचस्पी कम होने के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनका कोई व्यक्ति पहले आनंद उठाता था। अगर किसी व्यक्ति को कम से कम दो हफ्ते से लगातार एनहेडोनिया है तो उसे अवसादग्रस्त कहा जा सकता है भले ही वह दुखी या हताश महसूस न कर रहा हो। एनहेडोनिया केवल खुशी का खोना ही नहीं बल्कि मनपसंद कामों को करने के लिए प्रेरणा की कमी होना भी है। ऐसे में सलाह दी जाती है कि हल्के अवसाद का इलाज, बात करने (टॉक) की थेरेपी से किया जाए।



## ट्रेंड

### महत्वपूर्ण निर्णय लिए



हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमें अपने सभी किसानों पर गर्व है जो हमारे देश का पेट भरने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। 2025 की पहली कैबिनेट हमारे किसानों की समृद्धि बढ़ाने के लिए समर्पित है। इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आशा वर्कर्स की उपेक्षा



दिल्ली की आंगनवाड़ी और आशा वर्कर्स की उपेक्षा आप सरकार की असंवेदनशीलता का उदाहरण है। आंगनवाड़ी वर्कर्स पिछले 7 महीनों से वेतन से वंचित हैं, और आशा वर्कर्स मात्र 3,000 के मामूली मानदेय पर काम कर रही हैं।
**-बांसुरी स्वराज, भाजपा सांसद**

### शेयर बाजार में गंभीर सुधार



भारतीय शेयर बाजार गंभीर सुधार के दौर से गुजर रहा है, निफ्टी अब 23500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जो सितंबर के अपने 26200 के शिखर से 10% से अधिक नीचे है। निफ्टी 1.5% गिर गया।
**-स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्यमी**

### हृदय का वर्ष



2025 को 'हृदय का वर्ष' होने दें। देखभाल, प्यार, खुशी, करुणा से भरा दिल। एक दिल जो हर किसी के लिए धड़कता है और वह सब हमारे चारों ओर है। विशेष रूप से एक दिल जो हमारी प्रकृति के लिए धड़कता है।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

स्टार फिटनेस

## न्यू ईयर हेल्थ रेजोल्यूशन
# ऐसे करेंगे हेल्थ-फिटनेस मेंटेन

नया साल शुरू होने पर अपनी लाइफ और हेल्थ को मेंटेन करने के लिए कई लोग रेजोल्यूशन लेते हैं। कुछ टीवी एक्टर्स हरिभूमि को यहां बता रहे हैं कि खुद को हेल्दी और फिट रखने के लिए उनकी क्या प्लानिंग्स हैं?

### स्ट्रॉन्ग बनाऊंगा फिजिकल-मेंटल हेल्थः नवीन पंडित



**सोनी सब** चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में अश्विन की भूमिका निभा रहे नवीन पंडित बताते हैं कि पिछले साल काम के लिहाज से काफी व्यस्तता रही, जिसकी वजह से वे अपनी हेल्थ पर जरूरी ध्यान नहीं दे पाए। वे कहते हैं, 'अधिकांश दिनों में इतनी भाग-दौड़ रही कि ना तो शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने का समय मिला और ना ही मानसिक शांति के लिए वक्त निकाल पाया। लेकिन इस नए साल में मैं अपनी लाइफस्टाइल को बैलेंस करने, रेग्युलर वर्कआउट करने और मेंटल हेल्थ के लिए समय निकालने की कोशिश करूंगा। मेरा मानना है कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही हर काम को अच्छे से करने की ताकत देते हैं। अब मैं इसे अपनी प्राथमिकता बनाना चाहता हूं। मैं अपने आप को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा, ताकि मैं अपने काम और जीवन को बेहतर तरीके से जी सकूं। इस साल अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी पॉसिबल एफर्ट्स करूंगा।' *

### फिजिकल एक्टिविटी के लिए टाइम निकालूंगाः आसिफ शेख



**एंड टीवी** के शो 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा का रोल निभा रहे आसिफ शेख अपनी फिटनेस के लिए चर्चित रहते हैं। मिड एज के बाद भी युवा दिखने वाले आसिफ शेख की फिट पर्सनालिटी हर किसी को प्रभावित करती है। इस नए साल में फिटनेस को लेकर अपनी प्लानिंग के बारे में वे कहते हैं, 'मेरे लिए फिटनेस सबसे बड़ी पूंजी है। खासकर हम एक्टर्स के लिए फिट रहना बेहद जरूरी है, न सिर्फ बाहरी खूबसूरती के लिए बल्कि डिमांडिंग शेड्यूल्स को पूरा करने के लिए भी। फिटनेस ही वह ऊर्जा देती है, जो हमें इस चुनौती को स्वीकार करने में मदद करती है। मैं अपनी फिटनेस के लिए सही समय पर खाता हूं और सही मात्रा में खाता हूं। सिवाय चीनी के मैं किसी भी चीज से परहेज नहीं करता। हां, मैं खाने को बैलेंस तरीके से लेता हूं। खाने-पीने के अलावा मैं कोशिश करता हूं कि मुझे जो भी समय मिले, उसमें एक्सरसाइज जरूर करूं। लेकिन सेट से घर दूर होने की वजह से मेरा ज्यादातर वक्त शूटिंग और ट्रैवल में ही गुजर जाता है। ऐसे में मैं गाड़ी में ही योग के कुछ आसान अभ्यास करता हूं। मुझे घर से सेट पहुंचने में करीब दो घंटे लगते हैं और इस दौरान मैं योग और मेडिटेशन करता हूं। हालांकि बढ़ती उम्र के कारण अब क्रिकेट नहीं खेल पाता, लेकिन बीते साल मैंने सोचा था कि फिजिकल एक्टिविटी के लिए थोड़ा समय निकालूंगा। लेकिन मैं समय नहीं निकाल पाया। इस नए साल में मैं अपने इस इरादे को जरूर पूरा करूंगा। हमारे सेट के पास काफी जगह है, तो मुझे लगता है कि फ्री टाइम में वहीं साइक्लिंग करना आसान होगा। रनिंग नहीं तो लंबी वॉक के लिए जरूर जाया जा सकता है। वॉक करने के कई फायदे हैं, जो हमको ना केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखते हैं।' *

### वर्कआउट के साथ योगा भी करूंगाः जोहेब अशरफ सिद्दीकी



**शेमारू उमंग** चैनल के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में केशव की भूमिका जोहेब अशरफ सिद्दीकी निभा रहे हैं। उनका मानना है कि अपनों और परिवार के लिए हमारा फिट रहना ही सबसे बड़ा उपहार है। अच्छी लाइफ के लिए हेल्थ और फिटनेस की इंपॉर्टेंस के बारे में वह कहते हैं, 'हेल्थ और फिटनेस का ख्याल रखना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। इसलिए इससे जुड़ा कोई भी रूल मैं ब्रेक नहीं होने देता हूं। अगर कभी किसी दिन मैं जिम नहीं भी जा पाता तो घर पर ही एक्सरसाइज कर लेता हूं। मेरा मानना है कि हम जितना फिट रहेंगे, उतना ही बेहतरीन अपना काम कर पाएंगे। मैं इस बात में विश्वास रखता हूं कि अगर धन चला गया तो समझो कुछ ही गया, लेकिन अगर स्वास्थ्य चला गया तो समझो आपका सब कुछ चला गया। आपके अपनों और परिवार के लिए आपका फिट रहना ही उनका सबसे बड़ा उपहार है, क्योंकि जब आप फिट रहेंगे तभी तो अपने परिवार का पूरा ख्याल रख पाएंगे। हालांकि पिछले साल कई वजहों से मैं अपने परिवार को कम समय दे पाया था, लेकिन इस साल मैं अपने परिवार के साथ थोड़ा और समय बिताउंगा। साथ ही इस नए साल में मैं जिम के साथ योगा को भी अपने शेड्यूल में शामिल करूंगा ताकि मैं शारीरिक व्यायाम के साथ मानसिक व्यायाम भी कर सकूं।' *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

# अपनाएं ये गुड हैबिट्स पूरे साल रहेंगे हेल्दी



कल से शुरू हुए नए साल के लिए आपने कई प्लानिंग्स की होंगी, कई लक्ष्य बनाए होंगे। इन्हें हासिल करने के लिए आपका हेल्दी रहना बहुत जरूरी है। इसलिए हम आपको यहां डेली लाइफस्टाइल से जुड़ी कुछ छोटी लेकिन महत्वपूर्ण हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप इस पूरे साल हेल्दी रह सकते हैं।

हेल्थ केयर

**शिखर चंद जैन**

कहा जाता है, स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। आपका तन और मन स्वस्थ रहेगा, तभी आप अपने परिवार की सही देखभाल कर पाएंगे, साथ ही सफलता और समृद्धि के सही प्रयास कर पाएंगे। इसीलिए शरीर में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के संकेत नजर आएं तो तुरंत चिकित्सक से मिलें। उनके द्वारा निर्देशित जांच करवाएं और समुचित इलाज करवाएं। साथ ही अपनी हेल्थ मेंटेन करने के लिए यहां बताए जा रहे उपाय नियमित रूप से अपनाएं। ये हैबिट्स आपकी लाइफस्टाइल और डाइट रूटीन से रिलेटेड हैं। आमतौर पर इन पर ध्यान नहीं दिया जाता है, लेकिन ये हमें हेल्दी रखने में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

### स्वीट्स के बजाय फल खाएं



मिठाई में शुगर ही नहीं फैट भी बहुत होती है। इससे डायबिटीज ही नहीं हार्ट डिजीज, ओबेसिटी, हाई बीपी का जोखिम भी बढ़ता है। इसलिए मीठा खाने का मन है तो आप फल खाएं। इनमें मिठास के साथ विटामिन, मिनरल्स और फाइबर्स आदि होते हैं, जो आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। बच्चों के साथ खेलें और वॉक करें। घर में छोटे बच्चे हैं तो उनके साथ बच्चे बन जाएं और उछल-कूद करने में साथ हो लें। उनके साथ क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, आई स्पाई, भागम-भाग कुछ भी खेलें और फिजिकली एक्टिव रहें। इससे तन ही नहीं मन को भी फायदा मिलेगा, तनाव घटेगा और हैप्पी हार्मोंस बढ़ेंगे। बच्चों का साथ ना मिले तो 35 से 40 मिनट की ब्रिस्क वाकिंग करें। इससे भी आपको भरपूर फायदा मिलेगा। कहने का मतलब है कि डेली कुछ देर आपको फिजिकली एक्टिव जरूर रहना चाहिए।

### रोज सलाद जरूर खाएं

विशेषज्ञों के मुताबिक हमारे देश की लगभग पांच फीसदी आबादी गंभीर मोटापे की शिकार है। मोटापा कई बीमारियों का सबब बन सकता है। इनमें हार्ट डिजीज के साथ डायबिटीज, स्ट्रोक, आर्थराइटिस और यहां तक कि कैंसर भी शामिल है। इसलिए रोजाना अपने भोजन में खीरा, टमाटर, चुकंदर, मूली जैसी मौसमी और गुणकारी सब्जियां सलाद के रूप में जरूर शामिल करें। इनमें पोषक तत्व तो होते ही हैं, फाइबर्स भी खूब होते हैं। इससे आप कई बीमारियों से बचे रहेंगे।

### निश्चित समय में कर लें भोजन

सुबह जगने के बाद किए जाने वाले पहली डाइट यानी ब्रेकफास्ट से लेकर अंतिम भोजन यानी डिनर तक का खान-पान आपको 10 घंटे के भीतर कर लेना चाहिए। इसका मतलब यह हुआ कि नाश्ता 9 बजे सुबह अगर लिया है तो डिनर शाम 7 बजे तक जरूर कर लें। दिन में दो मेन मील, एक ब्रेकफास्ट, एक स्नैक्स और उनके साथ-साथ नीबू पानी, सादा पानी, ग्रीन टी आदि भी अवश्य लें।

### भोजन पूरे मन से करें

आप सोचेंगे कि भला भोजन कोई काम है, जो मन लगाकर किया जाए। लेकिन सेहत विज्ञानियों की मानें तो यह जीवन के कई बेहद जरूरी कामों में से एक है, जिसे आपका पूरा कंसंट्रेशन चाहिए। इसे माइंडफुल ईटिंग कहते हैं। हमारे बुजुर्गों ने कहा भी है, भोजन को एकाग्रचित शांत मन से स्वाद लेते हुए खाना चाहिए, तभी उसका रस तन को लगता है और भोजन ठीक से पचता है। भोजन तभी करें, जब आपको तेज भूख लगी हो। भोजन के हर कौर को धीरे-धीरे चबाते हुए खाएं।

### ना कम हो विटामिन डी-विटामिन बी 12

हमारे शरीर के लिए वैसे तो सभी प्रकार के मिनरल्स और विटामिन बेहद आवश्यक हैं लेकिन भारतीयों में



विशेष रूप से विटामिन डी और विटामिन बी 12 की कमी देखी जाती है। विटामिन डी को सुबह 15 से 20 मिनट सूरज की धूप में बैठकर प्राप्त किया जा सकता है। विटामिन बी 12 की कमी पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि इसकी कमी से शरीर में थकान, मन में उदासी और हताशा, मूड स्विंग आदि समस्याएं भी होती हैं। साथ ही पाचन संबंधी दिक्कत भी हो सकती है, लाल रक्त कणिकाओं का बनना कम हो जाता है। इसकी कमी दूर करने के लिए पालक, गाय का दूध, दही, मशरूम, चुकंदर आदि का सेवन करें। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सलाह पर सप्लीमेंट्स भी ले सकते हैं। *

**(जनरल फिजिशियन डॉ. एल.सी. राठी और डाइटिशियन डॉ. संगीता मिश्रा से बातचीत पर आधारित)**



### आंखों की नियमित जांच कराएं

**आंखों की** नियमित जांच से न केवल आंखों से संबंधित बीमारी व देखने की शक्ति का पता चलता है बल्कि शरीर की अन्य कई बीमारियों का भी पता चल जाता है। इससे हाई बीपी, हाई कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज, हार्ट डिजीज, मल्टीपल स्क्लेरोसिस जैसी न्यूरोलॉजिकल कंडीशंस वाली बीमारियों का पता लगाया जा सकता है। इसके अलावा गठिया, मेटाबॉलिज्म संबंधी विकार और कुछ मामलों में कैंसर जैसी बीमारी के भी संकेत मिल सकते हैं।

घरेलू औषधि

## कई रोगों में कारगर बथुआ



जाड़े के मौसम में कई तरह की हरी पत्तेदार सब्जियां खूब मिलती हैं। बथुआ भी उनमें से एक है। बथुआ प्रकृति से गर्म है, जो सर्दियों में ही पैदा होता है। इसे रायता, परांठे या भुजिया सब्जी के रूप में खूब पसंद किया जाता है। इसको जंगली पालक, मेल्ड और चेनोपोडियम अल्बम के नाम से भी जाना जाता है। इसको सर्दी के मौसम में पारंपरिक आहार के रूप में सेवन करते हैं।

बथुआ में पानी की प्रचुरता होती है। इसके अलावा इसमें पाया जाने वाला फाइबर पाचनतंत्र को मजबूत बनाता है। इसमें मिलने वाले प्रमुख पोषक तत्व हैं- विटामिन सी, विटामिन बी 2, बी 3, बी 5, कैल्शियम, लोहा, मैग्नीशियम, मैगनीज, फास्फोरस, पोटेशियम और सोडियम आदि।

**कई रोगों में कारगरः** बथुआ का सेवन बवासीर रोग में लाभदायक होता है। महिलाओं की पीरियड्स संबंधी समस्याओं के समाधान में भी बहुत मददगार है बथुआ। मूत्र रोगों से परेशान व्यक्ति को इसका सेवन लाभकारी है। आजकल कारण कुछ भी हो छोटे-बड़े हर उम्र के लोग बाल झड़ने से परेशान हैं। उनके लिए बथुआ का सेवन और बथुआ के पानी से बाल धोना लाभदायक है। त्वचा संबंधी समस्याओं में इसका सेवन हितकर है। पेट दर्द आदि की परेशानी में इसका सेवन लाभकारी है। बथुआ का सेवन करने से खून को साफ कर रक्त का संचार सुचारु रूप से होता है। साथ ही इसका सेवन शरीर की प्रतिरोधक शक्ति को सुदृढ़ कर बलवान बनाता है। इसका सेवन आंखों के लिए लाभदायक और पेट के कीड़ो को नष्ट कर पाचन शक्ति बढ़ाने वाला है। गला खराब होने पर इसको भिगोकर रखे गए गुनगुने पानी से गरारे करना आवाज को सुधारता है।

बथुए की एक प्रजाति, जिसे लाल बथुआ के नाम से जाना जाता है, का सेवन (त्रिदोष) वात, पित्त और कफ के प्रकोप को शमन करता है। नाक, कान से अचानक बहने वाले खून को रोकने में यह बहुत मददगार है। इसके बीजो का चूर्ण बनाकर दो से तीन चुटकी चूर्ण को शहद के साथ सेवन करना लाभकारी है। इसके पत्तों का जूस पीने से ठंड से बचाव होता है। गुणकारी बथुआ का सेवन कई बीमारियों को स्वतः ही नष्ट कर शरीर को निरोग बनाने में भी सक्षम है।

यहां बताए गए उक्त सभी उपाय, उपचार सामान्य हैं। प्रयोग करने से पहले अपने वैद्यजी से सलाह अवश्य करें। *

**-वैद्य हरिकृष्ण पांडे 'हरीश'**

डॉक्टर्स सजेशन



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## सर्दी में बढ़ जाती है बोंस पेन की समस्या



**मेरी उम्र 45 वर्ष है। एक साल पहले फिसलने की वजह से मेरी कमर में चोट लग गई थी। मैंने इसका ट्रीटमेंट करवाया था। जब से ठंड शुरू हुई है, चोट वाली जगह पर रह-रहकर दर्द होता रहता है। कृपया मुझे इस दर्द से निजात पाने का उपाय बताएं।**

**-सुधीर, भोपाल**

हड्डियों की चोट में इस तरह की परेशानी कुछ समय तक रहती है, ठंड में परेशानी बढ़ जाती है। इसका एक ही उपाय है कि ठंड से बचकर रहें। खासकर जिस स्थान में चोट लगी है, उसे पूरी तरह कवर करके रखें। अगर ज्यादा दर्द हो रहा हो तो गर्म पानी से दिन में 2-3 बार सिंकाई करें। आराम मिलेगा। साथ ही इस चीज का ध्यान रखें कि उस जगह दोबारा चोट ना लगे।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मुझे सर्दी-खांसी की प्रॉब्लम लगातार बनी हुई है। होम-रेमिडीज, कफ-सिरप और दवाइयां भी कुछ खास असर नहीं कर रहीं। कृपया इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-अंकुर, बिलासपुर**

बदलते मौसम में काफी लोगों को इस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसका एक बड़ा कारण एलर्जी होती है, जिस वजह से सर्दी, खांसी, जुकाम इस मौसम में होता है। इससे बचने का एक सबसे बेहतर उपाय है कि आप सुबह-शाम गर्म पानी पिएं और दिन में दो-तीन बार गर्म पानी में नमक डालकर गरारा करें। एक्सपोजर यानी सर्दी से बचें। बाहर निकल रहे हों तो ठीक से गर्म पकड़े पहन कर निकलें। ठंडी चीजें खाने से बचें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मुझे कोई न कोई हेल्थ प्रॉब्लम लगी ही रहती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्या करूं, जिससे मैं सर्दी के मौसम में भी स्वस्थ रहूं?**

**-रत्नेश्वर, हिसार**

इसका एक बड़ा कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता का कमजोर होना है। इसलिए आपको रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ानी चाहिए। इसके लिए आपको विटामिन सी वाले यानी खट्टे फलों का सेवन करना चाहिए। अपनी डाइट में न्यूट्रीएंट्स वाले फूड्स जरूर शामिल करें। इसके साथ ही दही, छाछ आदि खट्टी चीजों से परहेज करना फायदेमंद रहेगा।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले दो हफ्तों से मेरे दांतो में ठंडा या गरम कुछ भी खाने-पीने से झनझनाहट होने लगती है। ऐसा एक-दो बार पहले भी हुआ था, लेकिन अपने आप ठीक हो गई थी। कृपया बताएं कि मेरी यह प्रॉब्लम कैसे ठीक होगी?**

**-ऋषिकेश, रायपुर**

आपको डेंटिस्ट से संपर्क करना चाहिए। दांतो में कई बार कैविटी हो जाती है, जिससे ठंडा या गर्म खाने से झनझनाहट होती है। डेंटिस्ट जांच कर पता लगाएंगे कि दांत में आरसीटी करने की जरूरत है या अन्य कोई उपचार करना होगा। आरसीटी के बाद ज्यादातर लोगों को कैप भी लगाने की जरूरत पड़ जाती है, यह जांच कराने के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल रात में सोने से पहले गुनगुने पानी मे नमक डाल कर गरारा करें।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। मैं जब भी घर से बाहर निकलता हूं, तो मेरी आंखों में पानी आने लगता है, साथ ही आंखों में तेज जलन होने लगती है। कभी-कभी तो आंखों में सूजन भी आ जाती है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-विनय, बहादुरगढ़**

आप एनसीआर के एक शहर में रहते हैं। हाल ही में यहां पर प्रदूषण काफी बढ़ गया था, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी और आंखों में जलन की समस्या आ रही थी। बहरहाल, आप एक बार आंखों के डॉक्टर से संपर्क कर लें, जिससे किसी अन्य तरह की शंका का समाधान हो जाएगा। साथ ही घर से निकलते समय मास्क और चश्मा लगाकर निकलना फायदेमंद रहेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**



## जैकेट के शेष

### बीएड शिक्षकों को ....

नहीं की जा सकी है। दावा-आपत्ति के लिए मिलेंगे 7 दिन - लोक शिक्षण संचालनालय से आदेश मिलने के बाद जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा उनके अधीन आने वाले विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों की बर्खास्तगी की तैयारी शुरू कर दी गई है। शिक्षकों के नाम आदेश जारी किए जा रहे हैं। इसमें कहा गया है कि कार्यालयीन अभिलेखों के अनुसार आपकी व्यावसायिक योग्यता बीएड है। कोर्ट ने इसे अमान्य माना है, अतः आपकी सेवा समाप्ति की कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यवाही के विरूद्ध 7 दिनों के अंतराल में आप दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। तय समय-सीमा के बाद पेश की गई दावा-आपत्तियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### शून्य वेतन पर ....

की भी गणना हो सके। हालांकि इस पर सहमति नहीं बन पाई है। उन्हें टर्मिनेट करने के बाद ही नवीन नियुक्ति दी जाएगी

### इधर, शासन ने कहा- ....

उपरांत उनके समायोजन अथवा अन्य संभावनाओं पर विचार-विमर्श के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय प्रशासनिक समिति का गठन किया जा रहा है।

### सीएम सचिवालय में ....

दायित्व रहेगा। इन विभागों में कामकाज की समीक्षा सीएम सचिवालय में पदस्थ अधिकार देखेंगे। विभागों का बंटवारा भी उसी लिहाज से किया गया है।

**बंसल को अहमियत, दयानंद का कद बरकरार** : सचिव मुकेश बसंल के पास जनसंपर्क, विमानन, कृषि, सहकारिता, राजस्व, जीएडी, पीएचई और कौशल विकास प्राधिकरण सहित अन्य विभागों की नस्तियों का दायित्व रहेगा। साथ ही मुकेश बंसल को रायपुर और दुर्ग जैसा राजनीतिक महत्व के संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं प्रारंभ से ही सीएम सचिवालय में अहम जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहे सचिव पी. दयानंद को ऊर्जा, आवास एवं पर्यावरण, सिचाई, परिवहन, खाद्य, पंचायत, आबकारी, लोक निर्माण विभाग, वाणिज्यकर, पंजीयन, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, पीएचई, सामाज कल्याण विभाग का दायित्व रहेगा। सचिव बसव राजू को वित्त, जन शिकायत, वन, उच्च शिक्षा, स्कूली शिक्षा, माइनिंग विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं सचिव राहुल भगत को गृह, जेल, वाणिज्य एवं उद्योग, खेल एवं युवा कल्याण, श्रम, पर्यटन एवं संस्कृति, धर्मस्व, 20 सूत्रीय कार्यक्रम एवं योजना सहित अन्य विभागों की जिम्मेदारी दी गई है। अफसरों के लिंक अधिकारी भी तय, सुबोध से सीधे संपर्क किया जा सकेगा। विभागीय सचिव के लिंक अफसर के न होने पर उनका काम किस अफसर द्वारा देखा जाएगा, यह भी आदेश में तय किया गया है। मुकेश कुमार बंसल के लिंक अधिकारी पी. दयानंद, पी. दयानंद के लिंक अधिकारी बसव राजू एस, बसवराजू के लिंक अधिकारी राहुल भगत और राहुल भगत के लिंक अफसर के रूप में मुकेश बंसल काम देखेंगे। वहीं आकस्मिक हालात में सीधे प्रमुख सचिव सुबोध सिंह से संपर्क किया जा सकेगा।

### प्रत्येक विभाग के लिए ....

सचिवों को संभाग और जिलों का आबंटन किया गया है, वे उसके लिंक अधिकारी होंगे। आकस्मिक अथवा अत्यावश्यक परिस्थिति में उनसे सीधे संपर्क किया जा सकता है। मुख्यमंत्री सचिवालय को प्राप्त होने वाली नस्तियों के आवक-जावक का संधारण अवर सचिव द्वारा किया जाएगा।

## पेज एक के शेष

### दस निगमों के मेयर...

पहले कुछ साल से यह चुनाव ईवीएम से कराया जा रहा था। राज्य में ऐसे युवा जो 1 जनवरी को 18 साल की आयु प्राप्त कर चुके हैं, उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है। नए नाम 6 जनवरी तक जोड़े जाएंगे। दावा आपत्ति के बाद 15 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। इसके बाद राज्य सरकार राज्य निर्वाचन आयोग के इस संबंध में सूचना भेजेगी। इसके बाद आयोग किसी भी दिन राज्य में नगरीय निकायों के चुनाव की घोषणा कर सकता है। राज्य में पहली बार निकाय और पंचायतों के चुनाव एक साथ होंगे।

### अफसरों से साय ने ...

कर्मचारी समय पर कार्यालय आएं और पूरी मुस्तैदी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा, विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम सभी को टीम भावना के साथ काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, वर्ष 2024 में हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख गारंटियों को पूरा किया है। वर्ष 2025 छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है। रजत जयंती वर्ष का छत्तीसगढ़ के लिए विशेष महत्व है, इसलिए बहुत उत्साह से निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विशेष अभियान संचालित कर लंबित फाइलों को तत्परता से निराकृत करने की हिदायत दी। उन्होंने मंत्रालय सहित सभी ऑफिसों में ई-ऑफिस की व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा, ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर हमारा फोकस होना चाहिए। छत्तीसगढ़ में अभी निवेश का बहुत अच्छा माहौल बना है। छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति 2024-2029 की पूरे देश में सराहना की जा रही है। नई औद्योगिक नीति का लाभ निवेशकों को मिले, इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही श्रीनिवास राव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**नियद नेल्ला नार के कार्य त्वरित गति से करें** : मुख्यमंत्री ने कहा, विगत एक साल में हमने नक्सल मोर्चे पर बड़ी कामयाबी पाई है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने में हम कामयाब हुए हैं। शासन की योजनाओं को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तक ले जाने की आवश्यकता है। नियद नेल्ला नार योजना का लाभ क्षेत्र के लोगों को मिले, यह बहुत जरूरी है। नक्सली क्षेत्र में बहुत से सुरक्षा कैंप हमने खोले हैं। इस बात का ध्यान रखें कि संबंधित विभाग के कार्य जो नियद नेल्ला नार योजना के तहत आते हैं, वे त्वरित गति से इन क्षेत्रों में पूर्ण हों। छत्तीसगढ़ के दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों तक शासन की योजना का लाभ पहुंचाना सेवा का कार्य है।

**प्रभारी सचिव हर दो महीने में जिलों का दौरा करें** : मुख्यमंत्री ने कहा, जिलों के प्रभारी सचिव हर 2 महीने में जिलों का दौरा करें। इस दौरान वे जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में जाएं और फील्ड की जानकारी लें, तभी जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति पता चलेगी। उन्होंने प्रभारी सचिवों को अपने जिले के भ्रमण के दौरान वहां की स्थिति के के सम्बन्ध में मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव अनिवार्य रूप से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलों में भी प्रशासनिक कसावट का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए।

### कानून-ट्रैफिक व्यवस्था ...

की जरूरत है। उन्होंने कहा, पिछले एक वर्ष में नशे के अवैध कारोबार की रोकथाम के लिए अच्छा प्रयास किया गया है, इसमें और तेजी लाने की जरूरत है।

### सभी विभागों की...

प्रयास करें और मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिव को अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा, आम आदमी की समस्याओं का समय पर निराकरण होना जरूरी है।

### किसानों को नए साल...

रह 1350 रुपए का मिलता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में साल 2025 की पहली केंद्रीय कैबिनेट बैठक हुई। सरकार ने डीएपी उर्वरक को 1,350 रुपये प्रति बोरी के भाव पर किसानों तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त सब्सिडी को 31 दिसंबर, 2024 से आगे बढ़ाने का बुधवार को फैसला किया। इससे सरकारी खजाने पर 3,850 करोड़ रुपए तक का बोझ पड़ेगा। पिछले साल केंद्र सरकार ने एक अप्रैल से 31 दिसंबर, 2024 तक के लिए 3,500 रुपये प्रति टन के हिसाब से डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पर 2,625 करोड़ रुपये का एकबारगी विशेष पैकेज देने की घोषणा की थी। यह पैकेज गैर-यूरिया पोषक तत्वों पर सरकार की तरफ से तय पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी (एनबीएस) के अतिरिक्त था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस विशेष पैकेज को एक जनवरी, 2025 से अगले आदेश तक की अवधि के लिए बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसमें डीएपी पर 3,500रुपए प्रति टन की दर से सब्सिडी देने का प्रावधान है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। डीएपी पर विशेष पैकेज पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी के अलावा दिया जाएगा ताकि किसानों को सस्ते दाम पर डीएपी उर्वरक उपलब्ध कराई जा सके। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि किसानों को 1,350 रुपए प्रति बोरी की दर से डीएपी उर्वरक मिलती रहेगी और इस पर पड़ने वाला अतिरिक्त बोझ केंद्र सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा, डीएपी के लिए 3,850 करोड़ रुपए तक के एकमुश्त विशेष पैकेज को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक चिंताओं के कारण डीएपी की वैश्विक बाजार कीमतें अस्थिर हैं। केंद्र सरकार उर्वरक निर्माताओं/ आयातकों के जरिए किसानों को सब्सिडी मूल्य पर 28 तरह के पीएंडके उर्वरक मुहैया कराती है। इन उर्वरकों पर सब्सिडी का निर्धारण एनबीएस योजना के तहत होता है जो एक अप्रैल, 2010 से प्रभावी है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए केंद्र सरकार ने डीएपी उर्वरक की कीमत अपरिवर्तित रखते हुए किसानों को बड़ी राहत दी है। भू-राजनीतिक बाधाओं और वैश्विक बाजार अस्थिरता के बावजूद सरकार ने खरीफ और रबी 2024-25 के लिए किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करके किसान-हितैषी दृष्टिकोण की प्रतिबद्धता बनाए रखी है। मोदी सरकार ने 2014-24 की अवधि के दौरान कुल 11.9 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी दी है, जो 2004-14 की अवधि के लिए 5.5 लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी से दोगुनी से भी अधिक है।

**फसल बीमा के लिए 69515 करोड़** : केंद्रीय कैबिनेट की ब्रीफिंग में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्र सरकार की कैबिनेट के फैसले के तौर पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 69515 करोड़ रुपए की मंजूरी कर दी गई है। 4 करोड़ किसानों को इसका बेनेफिट मिलेगा। फसल बीमा योजना का लाभ छोटे किसानों को मिल रहा है और इस फसल बीमा योजना को नए लेवल पर ले जाया जाएगा।

**किसान के हालात में बदलाव** : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कहा कि फसल बीमा योजना से किसान के हालात में बदलाव आए हैं। यूपीए सरकार की स्कीम किसानों के लिए ठीक से काम नहीं कर रही थी और फसल बीमा योजना में सरकार को क्लेम दिया जा रहा है। यूनियन कैबिनेट के एक और फैसले के तहत बीमा योजना को किसानों के लिए और आकर्षक बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। फसल बीमा योजना को आसान बनाने के लिए उसके नियम कानून को संशोधित किया जाएगा। इससे सस्ते दर पर और आसान नियम के तहत फसलों का बीमा हो पाए इसकी व्यवस्था होगी।

### जमीन विवाद पर...

की हत्या कर दी। इस घटना के बाद पुलिस ने उसे घटनास्थल से ही पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान आलिया (9), अलशिया (19), अक्सा (16), रहमीन (18)- सभी अरशद की बहनें और अस्मा (आरोपी युवक की मां) के रूप में हुई है। त्यागी ने बताया कि 24 वर्षीय अरशद आगरा का रहने वाला है और प्रारंभिक पूछताछ से पता चला कि उसने घरेलू विवाद की वजह से यह कदम उठाया। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक टीम को साक्ष्य एकत्रित करने के लिए घटनास्थल पर लगाया गया है और इस मामले की विस्तृत जांच शुरू की गई है।

### बीएसपी बनाएगा ...

रहा है। इस नई रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल में भविष्य में आर-350 ग्रेड की रेलपांत बनाई जाएंगी। यह पटरियां चरणबद्ध तरीके से देश के रेल नेटवर्क में अब तक बिछाई जा रही आर-260 ग्रेड की पटरियों की जगह बिछाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत-2047 की संकल्पना के अनुसार भारतीय रेलवे भी अपने रेल नेटवर्क में आमूल-चूल बदलाव कर रहा है। इस बदलाव में रेलवे के समक्ष एक चुनौती खाली जमीन की है। ऐसे में भारतीय रेलवे ने मौजूदा बिछाई जा चुकी पटरियों को चरणबद्ध तरीके से हटा कर उनकी जगह नए ग्रेड की पटरियां बिछाने जा रहा है।

### हरी झंडी मिलते ही ...

2025 में तीसरी रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल भिलाई के लिए बड़ी सौगात होगी।

# पाकिस्तान की जेलों में सालों से बंद 183 कैदियों की हो जल्द रिहाई

भारत ने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान ने नए साल के पहले दिन 1 जनवरी को परंपरागत रूप से कूटनीतिक माध्यमों के जरिए एक-दूसरे की जेलों में सालों से बंद नागरिक कैदियों और मछुआरों की रिहाई से जुड़ी महत्वपूर्ण सूची का आदान-प्रदान किया।

भारत ने पाकिस्तान को अपनी सजा पूरी करने के बाद भी उसकी जेलों में बंद 183 भारतीय नागरिक कैदियों और मछुआरों की जल्द से जल्द रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि उक्त आंकड़े के अलावा भारत ने पाक द्वारा अभी तक काउंसलर सुविधा से महरूम रखे गए 18 भारतीय नागरिक कैदियों और मछुआरों को तत्काल रूप से यह सुविधा प्रदान करने की मांग की है। दोनों देश वर्ष 2008 के दूतावास सुविधा समझौते के तहत हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान करते हैं। वहीं, दोनों देशों ने परमाणु अधिष्ठानों और सुविधाओं की एक सूची का भी आदान-प्रदान किया है।

### दस साल में स्वदेश पहुंचे 2, 639 भारतीय

मंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से भारत सरकार मानवता से जुड़े सभी मुद्दों का हल निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। उसके द्वारा पाकिस्तान से यह अनुरोध भी किया गया है कि उसकी जेलों में बंद अपनी रिहाई का इंतजार कर रहे भारतीय नागरिक कैदियों और मछुआरों की सुरक्षा और कल्याण की व्यवस्था की जाए। केंद्र के सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि वर्ष 2014 से पाकिस्तान से भारत के कुल 2 हजार 639 नागरिक कैदियों और मछुआरों की स्वदेश वापसी की गई है। इसमें साल 2023 से लेकर आज तक पाकिस्तान से भारत लौटे 478 भारतीय मछुआरे और 13 नागरिक कैदी भी शामिल हैं।

# मंत्री की गाड़ी को लेकर विवाद, दो समूहों के बीच झड़प के बाद कर्फ्यू

जलगांव, महाराष्ट्र के एक गांव में नए साल पर बवाल





एजेंसी ▶▶| जलगांव

जब पूरी दुनिया नए साल के जश्न में मशगूल थी, तो उस दौरान महाराष्ट्र के जलगांव में दो गुटों के बीच भयंकर झड़प हो गई। स्थिति इतनी ज्यादा खराब हो गई पत्थरबाजी और आगजनी तक हो गई। इसके चलते पुलिस ने इलाके में 24 घंटे के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। जलगांव में हिंसा की ये घटना मंगलवार 31 दिसंबर की रात करीब साढ़े 9 बजे के आस-पास हुई और भीड़ ने कई दुकानों और वाहनों तक में आग लगा दी और जमकर पत्थरबाजी की। हालांकि पुलिस का कहना है कि अब स्थिति नियंत्रण में हैं। जलगांव के कलेक्टर आयुष प्रसाद ने बताया कि कर्फ्यू एहतियात के तौर पर लगाया गया है। कलेक्टर ने कहा कि दो समूह के बीच टकराव की वजह एक तरह की रोड रेज की घटना के बाद शुरू हुई। हिंसक भीड़ ने दुकानों में आग लगाने और वाहनों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। कलेक्टर ने कहा है कि पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया गया। झड़प में कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। सुबह 3 बजे 24 घंटे के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया, जिसके बाद से स्थिति कंट्रोल में हैं।

**नई दिल्ली।** गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) कलेक्शन में दिसंबर 2024 में उछाल देखा गया है। 1 जनवरी को जारी डेटा के मुताबिक दिसंबर में जीएसटी कलेक्शन साल दर साल आधार पर 7.3 फीसदी बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये पर रहा है। साल 2023 के दिसंबर में जीएसटी कलेक्शन 1.65 लाख करोड़ रुपये पर रहा था। जब से जीएसटी की व्यवस्था चालू हुई है, केंद्र सरकार के खजाने में योगदान देने वाला सबसे बड़ा कारक जीएसटी ही है। दिसंबर में ये 1.77 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा लगातार दसवीं बार 1.7 लाख करोड़ रुपये से ऊपर के जीएसटी कलेक्शन को दिखा रहा है। हालांकि एक और सच ये है कि




ये जीएसटी ग्रोथ पिछले 3 महीनों में सबसे कम भी है। हालांकि जीएसटी कलेक्शन पिछले तिमाही से बेहतर रहे हैं। अक्टूबर-दिसंबर 2024 में जीएसटी कलेक्शन का औसत देखा जाए तो ये 1.82 लाख करोड़ रुपये पर

जीएसटी का औसत कलेक्शन 1.77 लाख करोड़ रुपये पर रहा था. वहीं अगर इसको पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले देखा जाए तो ये जीएसटी कलेक्शन 8.3 फीसदी ज्यादा रहा है।

### जीएसटी रेवेन्यू बढ़ने का अर्थ

इस बार की तिमाही में जीएसटी का राजस्व पिछली तिमाही से बढ़कर रहा है जो कि अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन का संकेत करता है। दूसरी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था लड़खड़ाती दिखी क्योंकि आर्थिक विकास दर यानी जीडीपी 6.7 परसेंट से गिरकर 5.4 परसेंट पर आ गई थी। ये इसके सात तिमाहियों का सबसे निचला स्तर था।

### अदाणी को जारी निविदा रद्द की तमिलनाडु सरकार ने

**चेन्नई।** तमिलनाडु विद्युत वितरण निगम ने अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) को जारी स्मार्ट मीटर खरीदने की वैश्विक निविदा को रद्द कर दिया है। केंद्र सरकार की पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत स्मार्ट मीटर उपलब्ध कराने के लिए अगस्त 2023 में चार पैकेज के रूप में निविदाएं जारी की गई थीं। एक सूत्र ने बताया कि बीएसई में सूचीबद्ध कंपनी एईएसएल ने चेन्नई सहित आठ जिलों को 'कवर' करने वाली निविदा के पैकेज-1 के लिए सबसे कम बोली लगाई थी। इसमें 82 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाने का काम शामिल था।

# कृषि प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 80 हजार नए रोजगार होंगे पैदा

**मुंबई।** कृषि प्रौद्योगिकी क्षेत्र अगले पांच साल में 60,000-80,000 नए रोजगार के अवसर पैदा करेगा। टीमलीज सर्विसेज के मुख्य रणनीति अधिकारी सुब्बुराथिनम पी ने यह बात कही है। उन्होंने बताया कि एग्रीटेक यानी कृषि प्रौद्योगिकी खेती के हर पहलू को हल करती है।



इसमें बीज, उर्वरक और कीटनाशकों के लिए जल सिंचाई उन्नति से लेकर उन्नत कृषि मशीनरी तक पहुंच और उपज बेचने के लिए बाजार संपर्क सुविधा शामिल है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र किसानों को वास्तविक समय की सलाहकार सेवाओं जैसे कि जलवायु पूर्वानुमान, कीट और रोग पूर्वानुमान और सिंचाई अलर्ट के साथ सशक्त बनाता है, जिससे उन्हें ऋण, बीमा और डिजिटल भुगतान समाधान प्रदान करके वित्तीय अंतर को पाटने के अलावा सोच-समझकर निर्णय लेने में मदद मिलती है। सुब्बुराथिनम ने कहा, 'भारत में कृषि प्रौद्योगिकी क्षेत्र तकनीकी, परिचालन और प्रबंधकीय पदों सहित विभिन्न भूमिकाओं में लगभग एक लाख लोगों को रोजगार देता है। पांच वर्षों में, इस क्षेत्र से 60-80 हजार नए रोजगार अवसर पैदा होने की उम्मीद है। ये एआई विकास, प्रौद्योगिकी, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन जैसी भूमिकाओं में होंगे।'

### अधिकांश नौकरियां मौसमी नहीं हैं

मुख्य अधिकारी ने कहा कि अधिकांश ऐसी नौकरियां मौसमी नहीं हैं, क्योंकि यह क्षेत्र प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण, विश्लेषण और निरंतर परिचालन सहायता पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि ऐसी भूमिकाएं जिनमें व्यस्तम मौसम हो सकते हैं, जैसे कि फसल की निगरानी या बुवाई और कटाई के दौरान संचालन, कर्मचारी अक्सर डेटा विश्लेषण, उपकरण रखरखाव या सीजन न होने पर दक्षता सुधार जैसी अन्य गतिविधियों में लगे रहते हैं।

# मारुति की बिक्री दिसंबर में 30 प्रतिशत बढ़ी

## हल्के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में हुआ इजाफा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआई) की दिसंबर, 2024 में कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 30 प्रतिशत बढ़कर 1,78,248 इकाई हो गई। दिसंबर, 2023 में उसकी थोक बिक्री 1,37,551 इकाई रही थी।




मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, हल्के वाणिज्यिक वाहनों और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर को आपूर्ति सहित कुल घरेलू बिक्री पिछले महीने 24.44 प्रतिशत बढ़कर 1,32,523 इकाई रही, जबकि दिसंबर, 2023 में यह 1,06,492 इकाई थी। वाहन विनिर्माता ने कहा, दिसंबर, 2024 में घरेलू यात्री वाहनों (पीवी) की कुल बिक्री 24.18 प्रतिशत बढ़कर 1,30,117 इकाई रही, जो दिसंबर, 2023 में 1,04,778 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री पिछले महीने बढ़कर 7,418 इकाई हो गई, जबकि दिसंबर, 2023 में यह 2,557 इकाई थी। इसी तरह बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर जैसी कॉम्पैक्ट कार की बिक्री दिसंबर, 2023 के 45,741 इकाई की तुलना में पिछले महीने बढ़कर 54,906 इकाई हो गई। कंपनी के अनुसार, ब्रेजा, एर्टिगा, फ्रॉन्क्स, ग्रैंड विटारा, इनविक्टो, जिम्नी और एक्सएल6 सहित यूटिलिटी वाहनों की बिक्री दिसंबर, 2024 में 55,651 इकाई रही, जो दिसंबर, 2023 में 45,957 इकाई थी।

### सेडान सियाज का दिसंबर में निर्यात बढ़ा

मध्यम आकार की सेडान सियाज की बिक्री दिसंबर, 2023 के 489 इकाई की तुलना में घटकर 464 इकाई रह गई। एमएसआई ने कहा, दिसंबर में उसका निर्यात बढ़कर 37,419 इकाई हो गया, जो पिछले इसी महीने में 26,884 इकाई था।

### ईजमाईट्रिप के सीईओ पिट्टी ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। यात्रा से जुड़े ऑनलाइन मंच ईजमाईट्रिप के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निशांत पिट्टी ने ''व्यक्तिगत कारणों'' से इस्तीफा दे दिया है। निशांत पिट्टी के भाई एवं सह-संस्थापक रिकांत पिट्टी को उनकी जगह नया सीईओ नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान में कंपनी के कार्यकारी निदेशक हैं।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की बिक्री 55% बढ़ी

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की दिसंबर 2024 में बिक्री सालाना आधार पर 55 प्रतिशत बढ़कर 7,516 इकाई हो गयी। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने बयान में कहा, कंपनी ने दिसंबर में अपनी अब तक की सर्वाधिक इलेक्ट्रिक वाहन बिक्री दर्ज की। एनईवी (नए ऊर्जा वाहन) की कुल बिक्री में 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रही, जिसमें क्रॉसओवर यूटिलिटी वाहन विंडसर की केवल 3,785 इकाइयां शामिल हैं।

## कीमतों में वृद्धि इकाई अंक में सीमित रह सकती है

# नए साल में घरों की कीमतें बढ़ने की उम्मीद : विशेषज्ञ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के प्रमुख शहरों में पिछले साल घरों की औसत कीमतों में करीब 21 प्रतिशत की वृद्धि के बाद वर्ष 2025 में डेवलपर की तरफ से नई आपूर्ति बढ़ाने से कीमतों में वृद्धि इकाई अंक (यानी 10 प्रतिशत से कम) में सीमित रह सकती है।

रियल एस्टेट कारोबार से जुड़ी कंपनियों और संपत्ति सलाहकार फर्मों का मानना है कि नए साल में किफायती और मध्यम-आय वर्ग वाले घरों की मांग को पूरा करने पर विशेष ध्यान दिया जा सकता है। इसके अलावा इस साल रेपो दर में कटौती किए जाने पर आवासीय ऋण पर ब्याज दरें भी कम हो सकती हैं।



### घरों की बिक्री में जबर्दस्त उछाल

इसके पहले लगातार तीन वर्षों तक घरों की बिक्री में जबर्दस्त उछाल देखा गया था। महामारी से बुरी तरह प्रभावित वर्ष 2020 में 47 प्रतिशत की गिरावट के बाद वर्ष 2021, 2022 और 2023 में आवास बिक्री क्रमशः 71 प्रतिशत, 54 प्रतिशत और 31 प्रतिशत बढ़ी थी।

### वर्ष 2025 में आवास बाजार होगा स्थिर: एनारॉक

एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी को उम्मीद है कि वर्ष 2025 में आवास बाजार स्थिर हो जाएगा और 2024 की तुलना में कीमतों में मामूली वृद्धि ही होगी। पुरी ने कहा, ''बहुत कुछ इस बात पर भी निर्भर करता है कि आगा

### ऊंची कीमत व महंगे कर्ज से बिक्री घटी

ऊंची कीमतों और महंगे आवासीय कर्ज की वजह से वर्ष 2024 में घरों की बिक्री कोविड-19 महामारी के बाद पहली बार सात प्रमुख शहरों में घटी है। संपत्ति सलाहकार फर्म एनारॉक के आंकड़ों से पता चला है कि 2024 के दौरान सात प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 4,59,650 इकाई रह गई जबकि नई आपूर्ति सात प्रतिशत घटकर 4,12,520 इकाई रह गई।

### किफायती आवास खंड हुआ नजरअंदाज

आवास कारोबार से जुड़े हितधारकों को आगामी बजट में किफायती आवास खंड की आपूर्ति और मांग को बढ़ावा देने के लिए कुछ राजकोषीय प्रोत्साहन की घोषणाओं की भी उम्मीद है। पिछले कुछ वर्षों में किफायती आवास खंड सबसे ज्यादा नजरअंदाज हुआ है।

# वैशाली ने जीता कांस्य, वेनजुन वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियन, कार्लसन-नेपोम्नियाचची को पुरुष खिताब

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

भारत की आर वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के महिला वर्ग में कांस्य पदक जीता और इस तरह से यहां रैपिड स्पर्धा में कोनेरू हम्पी के खिताब जीतने के बाद देश के खिलाड़ियों ने वर्ष 2024 के अंत में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

वैशाली ने क्वार्टर फाइनल में चीन की झू जिनर को 2.5-1.5 से हराया लेकिन सेमीफाइनल में वह चीन की एक अन्य प्रतिद्वंद्वी जू वेनजुन से 0.5-2.5 से हार गईं। इस प्रतियोगिता में पूरी तरह से चीन के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। चीन की जू वेनजुन ने हमवतन लेई टिंगजी को 3.5-2.5 से हराकर विश्व खिताब जीता।




### आनंद ने दी बधाई

पांच बार के विश्व चैंपियन और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद ने वैशाली को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, 'कांस्य पदक जीतने पर वैशाली को बधाई। उसने वास्तव में शानदार प्रदर्शन किया। हमारी वाका शतरंज सलाहकार (वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी) ने हमें गौरवान्वित किया है। यह वर्ष 2024 का समापन करने का शानदार तरीका था।'



### पहली बार संयुक्त विजेता

ओपन वर्ग में दुनिया के नंबर एक मैग्नस कार्लसन और रूस के इयान नेपोम्नियाचची ने ब्लिट्ज़ खिताब साझा किया क्योंकि सडन-डेथ की तीन बाजियों के बाद भी कोई स्पष्ट विजेता नहीं बन पाया। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने ट्रॉफी साझा करने पर सहमति जताई। यह पहला अवसर है जबकि खिताब दो खिलाड़ियों में बांटा गया। कार्लसन ने बाद में पत्रकारों से कहा, 'हम दोनों थके हुए थे। मैं जानता हूं कि हमारा यह फैसला कुछ को पसंद आएगा और कुछ को नहीं। हम खेल जारी रख सकते थे लेकिन खिताब साझा करना अच्छा समाधान था। यह टूर्नामेंट को समाप्त करने का अच्छा तरीका था।'

### जींस विवाद के बाद बदला नियम

इस सप्ताह कार्लसन विवादों में रहे क्योंकि कुछ दिन पहले ड्रेस कोड के उल्लंघन के कारण उन्हें रैपिड चैंपियनशिप से बाहर कर दिया था लेकिन आखिर में विश्व संस्था को इस स्टार खिलाड़ी को वापस बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा था। कार्लसन रैपिड चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए जींस पहनकर आये थे और उन्होंने औपचारिक पतलून पहनने से इनकार कर दिया। विश्व संस्था ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया था लेकिन बाद में उसने कार्लसन को ब्लिट्ज़ प्रतियोगिता में जींस पहनकर आने की अनुमति दे दी थी।

## खबर संक्षेप



### नए साल के जश्न में धोनी ने डांस कर मचाया धमाल

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने नए साल की पूर्व संध्या पर गोवा में परिवार और दोस्तों के साथ 2025 का जश्न मनाया। विश्व कप विजेता कप्तान 31 दिसंबर को समुद्र तट के किनारे पार्टी करते नजर आए। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें धोनी पत्नी साक्षी के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। साक्षी ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें धोनी कैंडल लाइट उड़ाते हुए नजर आ रहे हैं। नए साल के मौके पर धोनी की पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ डांस करता वीडियो प्रशंसकों को काफी पसंद आया। धोनी सोमवार को रांची से गोवा आए थे।

### ओसाका का नववर्ष में जीत से आगाज

**ऑकलैंड।** चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल विजेता नाओमी ओसाका ने बुधवार को जूलिया ग्रैबर को 7-5, 6-3 से हराकर ऑकलैंड टेनिस क्लासिक के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर वर्ष 2025 की शानदार शुरुआत की। तेज हवाओं और बारिश के कारण मैच में काफी देरी होने के बावजूद ओसाका ने सीधे सेटों में जीत दर्ज की। उन्होंने एक बार भी अपनी सर्विस नहीं गंवाई और प्रत्येक सेट में एक-एक बार ग्रैबर की सर्विस तोड़कर दूसरी बार ऑकलैंड क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ओसाका 2017 में भी यहां अंतिम आठ में पहुंची थी।



### दीप्ति को मिला फायदा शीर्ष पांच में बनाई जगह

**दुबई।** भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा वेस्टइंडीज के खिलाफ स्वदेश में हाल में संपन्न सीरीज में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से पांचवें पायदान पर पहुंच गईं। शीर्ष-पांच में जगह बनाने वाली दीप्ति के अब 665 रेटिंग अंक हैं और वह चौथे स्थान पर चल रही दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप से 12 अंक पीछे हैं। 27 वर्षीय गेंदबाज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच में आठ विकेट चटकाए थे। जिसमें अंतिम मैच में 31 रन देकर छह विकेट भी शामिल है। बल्लेबाजों की सूची में जेमिमा 537 अंक के साथ शीर्ष-20 में जगह बनाने के करीब हैं।



## आईसीसी रैंकिंग : वर्ल्ड नंबर 1 पर कायम, अश्विन को पीछे छोड़ा

# नया साल... नई उपलब्धि... बुमराह 907 रेटिंग अंक से सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की बुधवार को जारी की गई रैंकिंग में गेंदबाजी में 907 रेटिंग अंक का आंकड़ा छूकर नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया।बुमराह ने हाल में संन्यास लेने वाले स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2016 में 904 अंकों की अपनी सर्वोच्च रेटिंग हासिल की थी। बुमराह ने हाल में अश्विन की बराबरी की थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के दम पर वह नया भारतीय रिकार्ड बनाने में सफल रहे। बुमराह 907 रेटिंग अंकों के साथ सर्वकालिक सूची में इंग्लैंड के डेरेक अंडरवुड के साथ संयुक्त 17वें स्थान पर हैं।

इस तेज गेंदबाज ने बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में नौ विकेट हासिल किए थे जिससे उन्होंने गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। भारत हालांकि इस मैच में हार गया था। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने एमसीजी में अपने छह विकेटों के दम पर 15 रेटिंग अंक हासिल किए जिससे वह एक पायदान चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। कमिंस ने चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की 184 रन की जीत के दौरान दो पारियों में 90 महत्वपूर्ण रन बनाने के बाद टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में भी तीसरा स्थान हासिल किया।




### सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंचे यशस्वी

बॉक्सिंग डे टेस्ट में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की पहली पारी में 82 रन की पारी ने उन्हें 854 रेटिंग अंकों के साथ कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंचा दिया, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी के पहले टेस्ट शतक ने उन्हें टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में 20 स्थान ऊपर 53वें नंबर पर पहुंचा दिया।

### बुमराह के 200 विकेट

बता दें कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में खेलते हुए बुमराह टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज भी बन गए। महान कपिल देव ने इससे पहले मार्च 1983 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में 50 मैचों में 200 विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया था।

### शीर्ष गेंदबाज

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | जसप्रीत बुमराह | भारत | 907 |
| 2 | जोश हेजलवुड | ऑस्ट्रेलिया | 843 |
| 3 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 837 |
| 4 | कगिसो रबाडा | द.अफ्रीका | 832 |
| 5 | मार्को जेनसन | द.अफ्रीका | 803 |

### सर्वकालिक सूची

| खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|
| सिडनी बार्न्स | इंग्लैंड | 932 |
| जॉर्ज लोहमैन | इंग्लैंड | 931 |
| इमरान खान | पाकिस्तान | 922 |
| मुथैया मुरलीधरन | श्रीलंका | 920 |

- बुमराह 907 रेटिंग अंकों के साथ सर्वकालिक सूची में इंग्लैंड के डेरेक अंडरवुड के साथ संयुक्त 17वें स्थान पर

### शीर्ष गेंदबाज

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | जो रूट | इंग्लैंड | 895 |
| 2 | हैरी ब्रूक | इंग्लैंड | 876 |
| 3 | केन विलियमसन | न्यूजीलैंड | 867 |
| 4 | यशस्वी जायसवाल | भारत | 854 |
| 5 | ट्रैविस हेड | ऑस्ट्रेलिया | 780 |

# भारत का नववर्ष में एशिया कप चैंपियंस ट्रॉफी खिताब पर नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बुधवार से नए साल का आगाज हो गया है। दुनियाभर में 2025 का स्वागत जश्न के साथ किया जा रहा है। पिछला साल भारतीय क्रिकेट के लिए मिला-जुला ही रहा है। टी20 इंटरनेशनल में भारतीय टीम ने धमाल मचाते हुए टी20 वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया। मगर वनडे और टेस्ट में उसे कई करारी शिकस्त झेलनी पड़ी हैं। भारतीय टीम नए साल में जीत से आगाज करने और बड़े खिताब भी जीतने का इरादा रखती है।

टीम इंडिया को नए साल का अपना पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट खेलना है। 2025 में भारतीय टीम की पहली फ्रेश सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ होगी। जोस बटलर की कप्तानी में इंग्लिश टीम भारत दौरे पर आएगी, जहां दोनों टीमों के बीच 5 टी20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद इसी साल भारतीय टीम को चैंपियस ट्रॉफी और एशिया कप भी खेलना है। इसी साल 11-15 जून के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल भी खेला जाएगा। यदि भारतीय टीम क्वालिफाई करती है, तो उसके लिए अपना पहला खिताब जीतने का मौका रहेगा।



### चैंपियंस ट्रॉफी

20 फरवरी - भारत/बांग्लादेश, दुबई
23 फरवरी - भारत/पाकिस्तान, दुबई
2 मार्च - भारत/न्यूजीलैंड, दुबई
4 मार्च - सेमीफाइनल -(क्वालिफाई), दुबई
9 मार्च - फाइनल -(क्वालिफाई), दुबई
11-15 जून - डब्लूटीसी फाइनल (क्वालिफाई), लॉर्ड्स

### भारतीय टीम का शेड्यूल

3-7 जनवरी - भारत/ऑस्ट्रेलिया टेस्ट
इंग्लैंड का भारत दौरा
पहला टी20- 22 जनवरी- कोलकाता
दूसरा टी20- 25 जनवरी- चेन्नई
तीसरा टी20- 28 जनवरी- राजकोट
चौथा टी20- 31 जनवरी- पुणे
पांचवा टी20- 2 फरवरी- मुंबई
पहला वनडे- 6 फरवरी- नागपुर
दूसरा वनडे- 9 फरवरी- कटक
तीसरा वनडे- 12 फरवरी- अहमदाबाद

### भारत का इंग्लैंड दौरा

- पहला टेस्ट - 20-24 जून, हेडिंग्ले
- दूसरा टेस्ट - 2-6 जुलाई, एजबेस्टन
- तीसरा टेस्ट - 10-14 जुलाई, लॉर्ड्स
- चौथा टेस्ट - 23-27 जुलाई, मैनचेस्टर
- पांचवा टेस्ट - 31 जुलाई से 4 अगस्त, ओवल

### आगे की सीरीज

अगस्त में - बांग्लादेश दौरे पर 3 वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज
अक्टूबर में - वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की घरेलू सीरीज
अक्टूबर-नवंबर - टी20 फॉर्मेट में एशिया कप
नवंबर - ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 3 वनडे और 5 टी20 मैचों की सीरीज
नवंबर-दिसंबर - द.अफ्रीका के खिलाफ 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी20 की घरेलू सीरीज

# शतरंज रैंकिंग में एरिगेसी चौथे, गुकेश 5वें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी और विश्व चैंपियन डी गुकेश ने बुधवार को जारी शतरंज रैंकिंग में क्रमशः अपना चौथा और पांचवां स्थान बरकरार रखा है।

एरिगेसी महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद के बाद 2800 की ईएलओ रेटिंग तक पहुंचने वाले दूसरे भारतीय और कुल 16वें खिलाड़ी बन गए हैं। वह 2801 रेटिंग अंक से चौथे स्थान पर हैं। वहीं पिछले महीने चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले 18 वर्षीय गुकेश 2783 रेटिंग के साथ एरिगेसी से एक स्थान नीचे पांचवें स्थान पर हैं। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन 2831 रेटिंग के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं, उनके बाद फैबियानो कारूआना (2803) और हिकारू नाकामुरा (2802) की अमेरिकी जोड़ी है। आनंद शीर्ष 10 में तीसरे भारतीय हैं जो 2750 की ईएलओ रेटिंग के साथ 10वें स्थान पर हैं। एरिगेसी, गुकेश और आनंद के अलावा छह और भारतीय शीर्ष 50 में शामिल हैं जिनमें आर प्रज्ञानानंदा (13वें), अरविंद चितंबरम (23वें), विदित गुजराती (24वें), पी हरिकृष्णा (36वें), निहाल सरीन (41वें) और रौनक साधवानी (48वें) मौजूद हैं।





### कोंस्टास की पारी नहीं बनेगी पहचान : कैरी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने बुधवार को कहा कि युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास ने भारत के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए बॉक्सिंग डे टेस्ट में जिस तरह से साहसिक अर्धशतक जड़ा उससे वह मंत्रमुग्ध थे, लेकिन उन्हें लगता है कि यह पारी भविष्य के मैचों के लिए उनकी पहचान नहीं बनेगी। कोंस्टास ने 26 दिसंबर को एमसीजी में लगभग खचाखच भरे स्टेडियम में अपनी टेस्ट करियर का आगाज करते हुए 65 गेंद पर 60 रन की आकर्षक पारी खेली और इस दौरान भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत गुमरा को निशाने पर रखा।

# प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ऑस्ट्रेलिया और भारत की क्रिकेट टीम से मिले



एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने यहां पांचवें और निर्णायिक टेस्ट से पूर्व बुधवार को ऑस्ट्रेलिया और भारत की क्रिकेट टीम से मुलाकात की और गॉवस्कर-बॉर्डर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सराहना की। ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है और सिडनी टेस्ट का नतीजा यह तय करेगा कि मेजबान टीम एक दशक से भी अधिक समय के बाद ट्रॉफी हासिल कर पाती है या नहीं। अल्बनीज ने दोनों टीम के साथ तस्वीरें पोस्ट करते हुए टिप्पणी की, 'ऑस्ट्रेलिया और भारत की टीम ने हमें पहले ही गर्मियों में शानदार क्रिकेट दिखाया है। जब शुक्रवार को पांचवां टेस्ट शुरू होगा तो मैकग्रा फाउंडेशन के महान काम के समर्थन में एससीजी गुलाबी रंग से भर जाएगा। चलो ऑस्ट्रेलिया।'

### रोहित को अपनी शर्तों पर क्रिकेट से संन्यास लेने का अधिकार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी शर्तों पर क्रिकेट से संन्यास लेने का अधिकार हासिल किया है। रोहित ऑस्ट्रेलिया में बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं जिससे उन पर धीरे-धीरे दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अब तक तीन टेस्ट मैच खेले हैं और इसमें कोई महत्वपूर्ण पारी नहीं खेली है। टीम के एक अन्य दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली भी श्रृंखला में लगातार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर आउट होने के कारण आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। क्लार्क ने कहा, 'आपने देखा होगा कि कई खिलाड़ियों के साथ ऐसा होता है, कुछ के लिए कप्तानी मददगार होती है, जबकि अन्य के लिए नहीं। मुझे निश्चित रूप से लगता है कि वह सिडनी में खेलेंगे।

फ्लैट बेचना है
किराये से देना है
शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867

# बदलाव के दौर से निपटने में गंभीर की भूमिका पर सवाल

एजेंसी ▶▶| सिडनी



भारतीय क्रिकेट जब अपने दो दिग्गज खिलाड़ियों कप्तान रोहित शर्मा और सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली की खराब फॉर्म से जूझ रहा है तब मुख्य कोच गौतम गंभीर और उनके सहयोगी स्टाफ की टीम में बदलाव के दौर से निपटने में भूमिका भी चर्चा का विषय बन गई है।

मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टीम का सफर मुश्किल रहा है क्योंकि उसे आक्रामक और बेहद मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम के सामने सही संयोजन हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा है। मेहमान टीम शुक्रवार से यहां पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच खेलेगी जिसे जीतना उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। मैदान पर आने वाले उतार-चढ़ाव के कारण मैदान के बाहर भी कुछ समस्याएं पैदा हो रही हैं और ड्रेसिंग रूम में अशांति की चर्चाएं बढ़ रही हैं। पता चला है कि गंभीर टीम के अधिकांश खिलाड़ियों के साथ एकमत नहीं हैं और संवाद उतना अच्छा नहीं है जितना रवि शास्त्री और राहुल द्रविड़ के समय हुआ करता था। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह चयन के मुद्दों पर खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से बात करते हैं लेकिन जुलाई में गंभीर के कार्यभार संभालने के बाद रोहित ने कुछ ऐसे खिलाड़ियों को स्पष्ट रूप से नहीं बताया है कि उन्हें टीम से बाहर क्यों रखा जा रहा है जो जूनियर नहीं हैं। रोहित की स्वयं की खराब फॉर्म ने भी उनकी मदद नहीं की है।



# इस गांव में 6-7 फीट लंबे हैं महिलाओं के बाल, जीवन में एक बार काटती हैं केश



एजेंसी ▶▶| बीजिंग

आजकल लड़कियों में जहां बाल छोटे करने का फैशन चलन में है तो वहीं लड़कों में लंबे बालों का फैशन है। ऐसे में कहा जा सकता है कि पुरुष हों या लड़कियां, लंबे बालों की चाहत दोनों के अंदर एक समान ही होती है। पर लंबे, घने बालों को हासिल करना हर किसी के बस की बात नहीं। उसके लिए बहुत पापड़ बेलने पड़ते हैं। हालांकि, दुनिया में एक ऐसा भी गांव है, जहां पर हर महिला के बाल 6-7 फीट लंबे हैं। ये महिलाएं अपने केशों को जीवन में सिर्फ एक बार ही काटती हैं। जब आप इस प्रथा का कारण जानेंगे, तो आपको हैरानी होगी।



चीन के दक्षिणी हिस्से में एक शहर है, गुइलिन. यहां से 2 घंटे दूर हुआंगलुओ नाम का गांव है। जब आप इस गांव में घुसेंगे तो पहले ये आपको साधारण गांव ही लगेगा। पर जब आप यहां की महिलाओं को देखेंगे, तो देखते ही हैरान हो जाएंगे। वो इसलिए क्योंकि यहां की महिलाओं के बाल उनके कद से भी लंबे हैं। इन महिलाओं के बाल 4 फीट से ज्यादा लंबे होना आम बात है। कई के तो 6 फीट तक लंबे हैं और साल 2004 में एक महिला के बालों की लंबाई 7 फीट नांपी गई थी।

## जीवन में सिर्फ 1 बार काटती हैं बाल

आपको जानकर हैरानी होगी कि गांव की महिलाओं के बाल 1 किलो तक भारी होते हैं। ये याओ जनजाति के लोग हैं, और इनकी महिलाएं अपने बालों को लंबा रखती हैं। ये जीवन में सिर्फ 1 बार बाल को काटती हैं। वो वक्त भी किसी उत्सव से कम नहीं होता है। जब वो 17-18 साल की होती हैं, तब अपने बालों को काटती हैं। फिर वो कभी नहीं काटतीं. अपने बालों को लंबा और मोटा रखने के लिए उन्हें उसकी खूब देखरेख करनी पड़ती है। वो खुद से एक खास किस्म का शैंपू बनाती हैं। इसमें चाय, फर और कई अन्य जड़ी-बूटियों का भी इस्तेमाल किया जाता है।

## इस वजह से लंबे रखती हैं बाल

अब आपको उस वजह के बारे में बताते हैं, जिसकी वजह से वो बाल बढ़ाती हैं। ये बाल वो अपने पूर्वजों के सम्मान में बढ़ाती हैं। उनका मानना है कि बाल, पूर्वजों से संवाद का एक माध्यम है। बस इसी वजह से वो पूर्वजों को खुश करने के लिए बालों को कभी नहीं काटती हैं। जिन औरतों की शादी नहीं हुई होती, वो बालों को स्कार्फ से बांधकर रखती हैं, वहीं शादीशुदा औरतें सर पर आगे की ओर जूड़ा बनाई रहती हैं। याओ औरतों का डांस भी अक्सर चर्चा का विषय बना रहता है। इनकी संस्कृति को देखने के लिए काफी टूरिस्ट इनके गांव घूमने आते हैं।

वैज्ञानिकों ने जारी की चेतावनी!

# 20 हजार गुना ज्यादा खतरनाक होकर लौटा 'मौत का सौदागर'




एजेंसी ▶▶| टोक्यो

परिवर्तन इस संसार का नियम है। इंसान से लेकर जानवर तक और कीड़े-मकौड़ों से लेकर पेड़-पौधों तक, दुनिया की हर चीज बदलती है। जीव भी मौसम, परिस्थितियों और प्रकृति के बदलाव के हिसाब से बदल जाते हैं। हाल ही में वैज्ञानिकों ने एक मामूली जीव के बारे में ऐसी चेतावनी दी है, जिसके बारे में सुनकर आप हैरान हो जाएंगे। ये जीव हमारे बिस्तरों और चारपाई में छुपे रहते हैं। पहले शायद आप इन्हें आसानी से मार डालते होंगे, पर अब ये मौत के सौदागर बन गए हैं, वो इसलिए क्योंकि प्रकृति के अनुसार ये इतने परिवर्तित हो चुके हैं कि अब ये 20 हजार गुना ज्यादा खतरनाक बन गए हैं। इन्हें मारना अब बड़ी चुनौती की तरह साबित होगा।

एक न्यूज वेबसाइट के अनुसार वैज्ञानिकों को एक सुपर-पावर खटमल के बारे में पता चला है, जो 20 हजार गुना ज्यादा खतरनाक बन गया है। इस खटमल को अब मारना 20 हजार गुना ज्यादा मुश्किल है।

## 20 हजार गुना ज्यादा ताकतवर हुए खटमल

हिरोशिमा यूनिवर्सिटी के ग्रैजुएट स्कूल ऑफ इंटिग्रेटेड साइंसेज के शोधकर्ताओं ने एक ऐसा सुपर बग खोजा है जिसके अंदर पायरेथ्रॉइड्स को लेकर 20 हजार गुना ज्यादा प्रतिरोधक शक्तियां हैं। ये सबसे आम किस्म का कीटनाशक है। एक्सपर्ट्स का दावा है कि इस डाटा से ब्रिटेन या दुनिया के अन्य देशों में क्रिटर्स की समस्या भी खत्म हो सकती है क्योंकि उनके ऊपर भी इस कीड़े के कारण शोध हो सकता है।

## खटमल हो सकते हैं मुश्किलों का कारण

खटमल इंसानों में कोई बीमारी तो नहीं फैलती है, पर उनके काटने से इंसानों को रैश, खुजली या मामूली इंफेक्शन हो सकता है। खटमलों को भगाना काफी मुश्किल हो जाता है। मादा खटमल एक 5 अंडे दे सकती है और पूरी जिंदगी में 500 से 700 अंडे दे सकती है। ये नई स्टडी, इंसेक्ट नाम के एक जर्नल में पब्लिश हुई थी। डीडीटी जैसे कीटनाशक, जो अब बैन हो चुके हैं, ने 60 के दशक में खटमलों की आबादी पर लगाम लगा दिया था। पर धीरे-धीरे खटमलों में भी विकास हुआ। एक्सपर्ट्स का मानना है कि खटमलों को घर का तापमान बढ़ाकर मारा जा सकता है। पर उससे इंसानों को भी असुविधा हो सकती है।

# तीसरा विश्व युद्ध और ट्रंप-पुतिन की बढ़ेगी चिंता! 2025 के लिए बाबा वेंगा की डरावनी भविष्यवाणियां

*वॉशिंगटन। बाबा वेंगा को पूरी दुनिया में उनकी भविष्यवाणियों के लिए जाना जाता है। इसकी वजह यह है कि उनकी ज्यादातर भविष्यवाणियां सच साबित हुई हैं। बुल्गारियाई की भविष्यवक्ता बाबा वेंगा का जन्म साल 1911 में हुआ था और उनकी 1996 में 86 साल की उम्र में उनकी मौत हो गई थी। इसके पहले उन्होंने सन 5079 तक की भविष्यवाणी कर दी थीं। बाबा वेंगा की साल 2025 के लिए की गई भविष्यवाणियां लोगों को डरा रही हैं। बाबा वेंगा की सोवियत संघ के विघटन, अमेरिका में आतंकी संगठन अलकायदा के 9/11 हमले समेत कई भविष्यवाणियी सच साबित हुई हैं। बाबा वेंगा ने साल 2025 में दुनिया के अंत के शुरुआत से लेकर एलियन के आने तक की भविष्यवाणी की है। इसके साथ ही बाबा वेंगा के एआई वर्जन ने ट्रंप और पुतिन के लिए चिंता बढ़ाने वाली भविष्यवाणी की है।*

**एलियन की खोज**

बाबा वेंगा ने साल 2025 को लेकर वैज्ञानिकों के लिए एक बड़ी भविष्यवाणी की है। उन्होंने दावा किया है कि साल 2025 में एलियन मिल सकते हैं और उनसे संपर्क किया जा सकते हैं। अगर ऐसा होता है कि दुनिया के वैज्ञानिकों के लिए यह बहुत बड़ी सफलता होगी। सालों से वैज्ञानिक एलियन की खोज कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है।



**प्राकृतिक आपदा :** बाबा वेंगा ने कहा कि साल 2025 में प्राकृतिक आपदाएं चरम पर होंगी। उनके मुताबिक, अमेरिका के पश्चिमी तट पर भूकंप आएगा और शांत पड़ी ज्वालामुखियों का विस्फोट होगा।

**विनाश की शुरुआत :** बाबा वेंगा ने दावा किया है कि साल 2025 में दुनिया के विनाश की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि साल 2025 में बड़ी आपदाएं आएंगी। इसके साथ ही साल 2025 में यूरोप में बड़ा संघर्ष शुरू होगा, जो धीरे-धीरे पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लेगा। बाबा वेंगा ने साल 2025 में तीसरे विश्व युद्ध की भी भविष्यवाणी की है।



**जनसंख्या में गिरावट**

बाबा वेंगा का दावा है कि साल 2025 में यूरोप में काफी आंतरिक संघर्ष हो सकता है। राजनीतिक अस्थिरता और अनिश्चिता देखने को मिल सकती है। यूरोप में आंतरिक संघर्षों का असर प्रकृति के लिए भी विनाशकारी साबित हो सकता है। इसकी वजह से जनसंख्या में भारी गिरावट आ सकती है। यूरोप में युद्ध की वजह से बड़े क्षेत्र का विनाश हो सकता है।

## बाबा वेंगा के एआई अवतार की भविष्यवाणियां

हमने आपको अपनी खबर में ऊपर बाबा वेंगा की पारंपरिक भविष्यवाणियों के बारे में बताया है। अब हम आपको बाबा वेंगा के एआई अवतार की भविष्यवाणियों के बारे में बताते हैं। इस भविष्यवाणी में अमेरिका और राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की चिंता बढ़ाने वाली बातें कही गई हैं।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में 78 साल के ट्रंप को सेहत से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं। इसके साथ ही ट्रंप दुनियाभर में मौजूद अपने प्रशंसकों के लिए एक मीडिया कंपनी बनाएंगे। इसमें एलन मस्क उनकी मदद करेंगे। अमेरिका के पैसिफिक नॉर्थवेस्ट में एक भयानक भूकंप आएगा।

**मिलेगा कैंसर का इलाज :** बाबा वेंगा ने लोगों को राहत देने वाली एक भविष्यवाणी की है। उनके मुताबिक, साल 2025 में कैंसर जैसी बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। वैज्ञानिकों को इसमें बड़ी सफलता मिल सकती है, जिससे आने वाले दिनों में इस खतरनाक बीमारी का इलाज आसान हो जाएगा।

## पुतिन की बढ़ेगी चिंता

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए भी साल 2025 अच्छा नहीं होगा। वह अपनी सेहत और अकेलेपन से परेशान रहेंगे। इस भविष्यवाणी में कहा गया है कि पुतिन क्रैमलिन में ही छिपे रहेंगे। इससे उनके हमशक्ल की अफवाहें जोर पकड़ेंगी।

# आसमान में उड़ते पक्षी का पेट फाड़कर बाहर निकल आई मछली



**लंदन।** दुनिया में हर दिन ऐसी घटनाएं घटती हैं, जिनके बारे में जानकर हैरानी होती है। सोशल मीडिया पर भी इस तरह के कई वीडियो और फोटो देखने को मिलते हैं। अब इन दिनों एक फोटो वायरल हो रही है, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। इस फोटो को देखकर आप भी चौंक जाएंगे। चील और बाज जैसे पक्षियों की नजर पानी में तैरती मछलियों पर रहती है। मौका मिलते ही वह पानी में गोता लगाकर उनका शिकार कर लेते हैं। सोशल मीडिया पर इस फोटो ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। इस फोटो को देखकर आंखों पर यकीन करना मुश्किल हो रहा है। इस फोटो को लाखों लोग देख चुके हैं। इस अद्भुत तस्वीर को देखकर लोग हैरान हैं, तो वहीं कुछ लोग सवाल भी उठा रहे हैं। दरअसल, वायरल फोटो में दिख रहा है कि एक हेरॉन पक्षी ने एक ईल (मछली) का शिकार किया और वो उसे हजारों फीट ऊपर आसमान में ले जाकर खाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इससे पहले मछली पक्षी के पेट को चीरकर बाहर निकल आई। इस हैरान करने वाली घटना को एक फोटोग्राफर ने अपने कैमरे में कैद कर लिया।

**फोटो ने लोगों को सोचने पर कर दिया मजबूर**

# कंचे की तरह नीली होती हैं यहां के लोगों की आंखें, देखकर लगेगा डर!

**जकार्ता।** यो यो हनी सिंह का गाना, 'ब्लू आइज़' तो आपने सुना ही होगा। लोगों में नीली आंखों को लेकर अलग ही रुचि होती है। राज कपूर से लेकर करिश्मा कपूर तक और ऐश्वर्या राय बच्चन से लेकर तैमूर अली खान तक, जिन सेलेब्स या सेलेब्स के बच्चों की नीली आंखें लोगों के सामने नजर आई हैं, उन्हें देखकर लोग हैरान हो गए हैं। यूं तो ये रंग काफी दुर्लभ है और आप बहुत कम ही लोगों को नीली आंखों के साथ देखेंगे, मगर दुनिया में एक गांव ऐसा भी है जहां हर किसी की आंखों का रंग नीला है। लोग उनकी आंखें देखकर ही डर जाते हैं! तो अब सवाल ये उठता है कि आखिर नीली आंखें होने के पीछे क्या कारण है?

इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया गया है जिसमें कई नीली आंखों वाले लोग नजर आ रहे हैं। ये लोग असल में बुटॉन जनजाति के लोग हैं जो इंडोनेशिया के सुलावेसी प्रांत में, बुटॉन आइलैंड पर रहते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार इनकी आंखों का रंग प्राकृतिक है, जो एक दुर्लभ जेनेटिक कंडीशन की वजह से आया है। इस कंडीशन के तहत 42 हजार में 1 व्यक्ति की आंख नीली हो जाती है। फोटोग्राफर कॉर्चनोई पासारिबू ने इन लोगों की फोटोज खींची थी।



# शव दफनाने को लेकर हुए विवाद मामले में 5 गिरफ्तार

## इससे पूर्व पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया था जेल, अब भी गांव में जवान तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परपा थाना व नानगुर चौकी क्षेत्र के ग्राम बड़े बोदल में ईसाई समुदाय की महिला की मौत व शव दफनाने को लेकर दो समुदाय में बवाल हो गया था। विवाद के बाद सरपंच, ग्राम प्रमुखों व सुरक्षा में तैनात जवानों के साथ मारपीट मामले में शामिल फरार पांच आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इससे पूर्व मारपीट में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामले में घायल सरपंच गंगाराम कश्यप व ग्राम प्रमुख सुखनाथ नाग का अब भी डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी है जबकि दो अन्य घायलों को दूसरे दिन डिस्चार्ज कर दिया गया था।



गौरतलब है कि बड़ेबोदल निवासी धर्मातंरित महिला बुदाय लगभग 65 वर्ष की रविवार दोपहर में मौत हो गई थी। जिसके बाद परिजनों ने उसे गांव के सामुदायिक श्मशान में बिना ग्राम पंचायत के परमिशन के दफना दिया था। इसी बात को लेकर जब सरपंच व ग्राम प्रमुख पीड़ित परिवार से मिलने गए थे तो दर्जनों लोगों ने एक राय होकर सरपंच व ग्राम प्रमुखों पर लाठी डंडे से हमला कर दिया था। इस हमले में सुरक्षा में तैनात दो जवानों को भी चोट आई थी।

सरपंच की रिपोर्ट पर दर्जन भर से अधिक नामजद आरोपियों समेत 40 लोगों के खिलाफ परपा थाना में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351 (2), 132, 121 (1), 191 (2), 193 (3), 190 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए मारपीट में शामिल सुकमन नाग, बुदरू मंडावी, बबलू कश्यप, कोसो कश्यप व गनपत को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। इसी मामले में बुधवार को आरोपी मंगतू कर्मा, सुखराम कवासी, झिमटू कश्यप, सुभाष गावड़े व लखीराम कश्यप को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## अब भी कई आरोपी फरार

परपा टीआई भोलासिंह राजपूत ने बताया कि बड़ेबोदल बलवा मामले में पुलिस अब तक 10 आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है जिन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीआई ने बताया कि बड़े बोदल ग्राम में वर्तमान में शांति है बावजूद घटना के तीन दिन बाद भी एहतियातन जवानों की तैनाती की गई है।

# पृथ्वी के लिए खतरनाक हो सकता है सूर्य का सुपरफ्लेयर परमाणु बम से बड़े खतरे की वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

सूर्य से अविश्वसनीय रूप से बड़ी ऊर्जा तरंगें निकलती हैं, जिन्हें सौर सुपरफ्लेयर कहते हैं। वैज्ञानिक धीरे-धीरे इन्हें लेकर चिंतित हो रहे हैं। पहले वे सोचते थे कि ये घटनाएं लगभग एक हजार साल में एक बार होती हैं। हाल ही में यह पता चला कि ऐसा अक्सर हो सकती हैं। यह मायने रखता है क्योंकि हम सैटेलाइट, जीपीएस और पावर ग्रिड जैसी बहुत सारी तकनीकों का इस्तेमाल करते हैं। एक बड़ी सौर ज्वाला यह सब गड़बड़ा सकती है। सवाल है कि क्या हम इसके लिए तैयार हैं? सौर ज्वालाएं ऊर्जा विस्फोट हैं, जिन्हें सूर्य अंतरिक्ष में निष्कासित कर देता है। मामूली सौर ज्वालाएं आसानी से मामूली व्यवधान पैदा कर सकती हैं, जैसे रेडियो सिग्नल या जीपीएस में गड़बड़ी हो सकती है। हालांकि, एक सौर सुपरफ्लेयर काफी अधिक शक्तिशाली है। नियमित फ्लेयर की तुलना में इसमें लाखों गुना ज्यादा ऊर्जा निकलेगी। यह विस्फोट प्रकाश की गति से चलते हैं, ऐसे में इन्हें पृथ्वी तक पहुंचने में कुछ ही मिनटों का समय लग सकता है।



## क्या हो सकती है दिक्कत

छोटी सौर ज्वालाएं अस्थायी समस्या पैदा करती हैं, लेकिन एक सुपरफ्लेयर विनाशकारी हो सकती है। यह सैटेलाइटों को नष्ट कर सकता है, बिजली ग्रिडों को बंद कर सकता है और दुनिया भर में संचार प्रणालियों को बाधित कर सकता है। क्षति कई दिनों या हफ्तों तक रह सकती है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी में महत्वपूर्ण समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

## नए अध्ययन में खुलासा

रिपोर्ट्स के मुताबिक वैज्ञानिकों का लंबे समय से मानना था कि सूर्य की सुपरफ्लेयर होती है, लेकिन कभी कई हजार वर्षों में यह एक बार निकलती है। डॉ. वैलेरी वसीलीव ने दिसंबर 2024 में साइंस में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन में उन्होंने 50 हजार से ज्यादा सितारों के डेटा की जांच की। उन तारों को लगभग 100 वर्षों में एक बार सुपरफ्लेयर का अनुभव होता है। इस नई खोज ने चिंता पैदा कर दी है। अगर सूर्य उन सभी अन्य सितारों की तरह होने जा रहा है तो हमने जितना सोचा था, उससे ज्यादा सुपरफ्लेयर देखेंगे। पृथ्वी इससे खतरे में पड़ सकती है।

# जादुई मछली, पानी के अंदर होती है काली, बाहर निकालते ही हो जाती है शीशे जैसी साफ, देख सकते हैं आर-पार!



## गिरगिट से तेज़ रंग बदलती है मछली

वायरल हो रहे वीडियो में आप देख सकते हैं कि काले रंग की एक मछली टब में तैर रही होती है और उसे आप काले रंग में देख सकते हैं। जैसे ही एक शख्स मछली को अपने हाथों में लेकर बाहर निकालता है, वो तेज़ी से रंग बदलकर पारदर्शी हो जाती है।

एजेंसी ▶▶| लंदन

कुदरत ने तरह-तरह के जीव-जंतु बना रखे हैं। इनमें से कुछ के बारे में तो हम जानते हैं और कुछ ऐसे होते हैं, जिनके बारे में हमें जानकारी नहीं होती। खासतौर पर अगर हम मरीन लाइफ यानि समुद्री जीव-जंतुओं की बात करें तो हम इनके बारे में उतना नहीं जानते, जितना धरती पर रहने वाले जानवरों के बारे में जानते हैं। एक ऐसी ही मछली का वीडियो वायरल हो रहा है, जो गिरगिट से भी तेज़ अपना रंग बदलती है। दुनिया में बहुत से अजीबोगरीब जीव-जंतु मौजूद हैं। इनमें से कुछ के बारे में तो हमें पता होता है, लेकिन कुछ के बारे में हम जानते ही नहीं हैं। एक ऐसी ही मछली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हम आज जिस मछली के बारे में आपको बता रहे हैं, वो ऐसा ही अनोखा टैलेंट लेकर पैदा होती है, जो कमाल है। पानी में तो वो साफ-साफ दिखाई देती है, लेकिन पानी के बाहर आते ही उसे पहचानना मुश्किल हो जाता है।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com